सुप्रभात
रांची, रविवार
05.05.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 | सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 290
06 पानी की कमी और हमारी अधूरी तैयारी

## न्यूज डायरी

### हेमंत की जमानत याचिका पर फैसला अब 10 को

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को आंशिक सुनवाई हुई। फैसला सुरक्षित रख लिया। अब 10 मई को फैसले की तिथि निर्धारित की है। हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। मामले में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी की ओर से चार्जशीट भी दाखिल का चुका है।

### ...एक शहजादा दिल्ली में और दूसरा पटना में : मोदी

**दरभंगा।** पीएम मोदी ने राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को यहां कहा कि एक शहजादा दिल्ली में और दूसरा पटना में। एक पूरे देश को और दूसरा बिहार को अपनी जागीर समझते हैं । दोनों के रिपोर्ट कार्ड में घोटाला और बेलगाम कानून-व्यवस्था के सिवा कुछ भी नहीं है।

### कांग्रेस ने आदिवासियों सिर्फ वोट बैंक समझा: मुंडा

**खूंटी।** खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने शनिवार को खूंटी जिले के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता हमारी सरकार ने की है। इससे पहले 60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था। मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा में 20 एकलव्य खोलने का काम प्रारंभ हो चुका है।

### अवैध खनन की सीबीआइ जांच जारी रहेगी : कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने साहिबगंज अवैध खनन मामले में जांच जारी रखने की अनुमति दे दी है। इस मामले में पंकज मिश्रा समेत अन्य लोगों पर अवैध खनन में शामिल होने का आरोप है। यह फैसला शुक्रवार शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को सुनाया।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## पलामू और सिसई में कांग्रेस-झामुमो पर पीएम मोदी का बड़ा प्रहार, कहा

# भ्रष्टाचारियों पर चलेगा कानून का डंडा

- कांग्रेस ने देश को आतंकवाद और माओवाद दिया
- नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है
- आदिवासियों-दलितों का आरक्षण कभी चोरी नहीं होने दूंगा

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची, मेदिनीनगर, गुमला।** झारखंड दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी ने शनिवार को कांग्रेस, झामुमो और अन्य विपक्षी दलों पर जम कर प्रहार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस की सरकार ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों से सहानुभूति रखने का काम किया। ये लोग तो आतंकियों को लव लेटर भेजते थे। आप हमें वोट दें और आपका एक-एक वोट आतंकवादियों के खात्मे के लिए इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ये लोग आपका आरक्षण छीननकर धर्म आधारित एक खास वर्ग को आरक्षण देना चाहते है। यह मोदी अपने जीते जी होने नहीं देगा। पीएम ने कहा जिसने भी झारखंड को लूटा है, उसे तो भुगतना ही होगा। कानून का डंडा तो उनपर चलेगा ही।

पीएम ने कहा कि झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा, आंध्रा, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सली थे। जनता के वोट की ताकत ने नक्सलियों से मुक्ति दिलायी और धरती को लहुलुहान होने से बचाया। वहीं झामुमो पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं, अगले 5 साल में सभी भ्रष्टाचारियों पर चलेगा कानून का डंडा। श्री मोदी पलामू के चियांकी हवाई अड्डे और लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सिसई में एक विशाल जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों बीडी राम और समीर उरांव को भारी मतों से जिता कर इनके हाथ मजबूत करने की अपील की।



### मोदी मौज मस्ती नहीं, मिशन के लिए जन्मा है

पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पर आयोजित विशाल जनसभा में मोदी का भोजपुरी-मगही अवतार दिखा। उन्होंने कहा - रउवा सब के प्रणाम, गोड़ लागत ही। स्थानीय बोली पलमुआ में लोगों का अभिवाद किया, जिससे लोग काफी उत्साहित नजर आये। फिर उन्होंने कहा कि मोदी मौज मस्ती के लिए नहीं बल्कि एक मिशन के लिए पैदा हुआ है। दस वर्षो के कार्यकाल में गरीबों ,दलितों ,वंचितों व पिछड़ों के विकास कार्यों समेत अपनी सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों इंडी गठबंधन की मंशा घातक है। इससे आप लोग भी सतर्क रहें। खासकर कांग्रेस और झामुमो दलित, आदिवासी और पिछड़ी जाति के आरक्षण खत्म कर एक विशेष समुदाय को देने के पक्ष में हैं। लेकिन जब तक मोदी जिंदा है ऐसा होने नहीं दूंगा। पीएम ने कह, एकदम सरल और सुख दुख के साथी हैं आपके उम्मीदवार विष्णु दयाल राम , यही आपके प्रत्याशी हैं।

#### एक वोट का महत्व समझाया

मोदी ने कहा हर एक वोट काफी अहम और परिवर्तनकारी होता है। लगातार दो बार मिले आपके आशीवाद से देश ने काफी तरक्की किया है। कई ऐतिहासिक परिवर्तन हुए है। राम मंदिर बना। धारा 371 हटा। तीन तलाक सदा के लिए खत्म हो गया। आपके एक-एक वोट ने देश से भ्रष्ट कांग्रेस शासन खात्मा हुआ। आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

## जिसने भी झारखंड को लूटा है उसे तो भुगतना ही होगा

### धर्म के आधार पर आरक्षण संविधान के खिलाफ

#### कांग्रेस मुस्लिम समाज को वोट बैंक मानती है



**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सिसई में की जनसभा में पीएम ने भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के लिए चुनाव प्रचार किया। गुमला जिला का यह क्षेत्र लोहरदगा संसदीय इलाके में आता है। उन्होंने कांग्रेस-जेएमएम और राजद पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि आने वाले 5 साल में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा हर हाल में चलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल एक ही चश्मा पहनती है, जिसमें उसे केवल मुस्लिम वोट बैंक दिखाई पड़ती है। वहीं भाजपा सबका साथ सबका विकास की राह पर चलता है। इंडी गठबंधन वाले एसटी, एससी व ओबीसी के आरक्षण में डाका डालने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस संविधान को तोड़ मरोड़ कर मुस्लमानों को आरक्षण देना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके खिलाफ वोट जिहाद की बात अब कर रही है। पहले लव जिहाद व लैंड जिहाद हो रहा था पर अब वोट जिहाद भी आरंभ हो गया है। कांग्रेस पार्टी जमीन लूट रही है। जमीन को लेकर आदिवासी समाज के बेटियों को टारगेट किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अपने 60 साल के कार्यकाल में देश को भ्रष्टाचार व परिवार वाद दिया है।

भ्रष्टचार की जड़ ऐसी है कि सीधे पाईप लाइन उनके घरों को जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद के घर से इतने पैसे मिल है कि मशीन भी गिनते-गिनते हाफने लगी थी। कांग्रेस जनता के पैसों की चोरी की थी। वो पैसा जनता को मिलना चाहिए। झारखंड के सीएम भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। कोई किसी के घर में चोरी करेगा तो उसे माफ नहीं किया जायेगा। चोरी करने वालों को जेल जाना पड़ेगा। जिसने झारखंड को लूटा उसपर कानून की कहर चल रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी भ्रष्टावारियों पर कानून का डंडा चलेगा।

## सीबीआइ ने डॉ दिलीप समेत 37 पर चार्जशीट दायर किया

**जेपीएससी घोटाला मामला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में सीबीआइ ने 12 साल बाद शनिवार को विशेष अदालत में तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद समेत 37 आरोपियों के खिलाफ जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दायर कर दिया। इसमें तत्कालीन अध्यक्ष के साथ तत्कालीन वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य राधा गोविंद सिंह नागेश, शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी के अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, दो जेलर, डीटीओ समेत कुल 37 का नाम शामिल हैं। चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गयी है। 25 से 30 आरोपी ऐसे हैं जो जेपीएससी की परीक्षा में फर्जीवाड़ा कराकर अफसर बने हुए हैं। अदालत आठ मई को चार्जशीट पर संज्ञान ले सकती है। संज्ञान लेने के बाद चार्जशीटेड आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया जायेगा। चार्जशीट भादवि की धारा 466, 467, 468, 471, 120बी के साथ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13, 1-2 के तहत की गयी है।

### 2012 में दर्ज हुई थी प्राथमिकी

मालूम हो कि हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने पांच जुलाई 2012 को जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय नियुक्ति घोटाले से जुड़े मामलों में डॉ दिलीप प्रसाद समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। यह चार्जशीट आरसी कांड संख्या 5-2012 में दाखिल की गई है। जल्द ही द्वितीय जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में भी चार्जशीट दाखिल की जायेगी। अलग राज्य बनने के बाद पहले और दूसरे जेपीएससी परीक्षा में जमकर धांधली को अंजाम दिया गया था। जांच में यह बात सामने आई थी कि कई लोग बिना कॉपी में लिखे ही अफसर बन गये। पहले जेपीएससी घोटाले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा शुरू की गई लेकिन बाद में जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को दे दी गयी। सीबीआई ने जेपीएससी प्रथम के 62 और सेकंड के 172 अधिकारियों की नियुक्ति की जांच शुरू की थी। सीबीआई की जांच काफी लंबी चली, जिसमें उसे 12 साल का लंबा वक्त लग गया।

## वायुसेना के काफिले पर पुंछ में आतंकी हमला

**जम्मू।** पुंछ जिले में शनिवार शाम को आतंकियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें पांच जवानों के घायल होने की सूचना है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को आतंकी हमले के बाद सेना और पुलिस की कई टीमों को क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। हमलावरों को पकड़ने के लिए पुंछ के सुरनकोट के पास सनाई इलाके की घेराबंदी कर दी गयी है। सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हमले के बाद सेना और पुलिस की टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि वाहनों को शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। घायल जवानों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से उधमपुर स्थित कमांड अस्पताल ले जाया गया है। यह इस क्षेत्र में सशस्त्र बलों पर पहला बड़ा हमला है। पुंछ में पिछले साल दिसंबर में आतंकवादियों ने घातक लगाकर हमला किया था जिसमें 5 सैनिक शहीद हो गये थे। उधर, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सेना का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से एक अधिकारी की मौत हो गयी। वाहन में सवार कई अन्य घायल हो गये हैं।




## रांची सीट से पर्चा भरने आया प्रत्याशी गिरफ्तार

### देवेन्द्रनाथ महतो के समर्थकों कराया नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल करने समाहरणालय पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति(जेपीकेएसएस) के प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार की दोपहर को जैसे ही वह नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। वह गुपचुप तरीके से पारंपरिक आदिवासी कपड़े पहन कर नामांकन करने पहुंचे थे। हालांकि गिरफ्तारी के बाद श्री महतो के प्रस्तावकों ने उनके नाम से पर्चा दाखिल कर दिया। कोर्ट में पेश करने के बाद देवेंद्र महतो को भेज दिया गया। उन्होंने इस मामले में कांग्रेस और भाजपा पर आरोप लगाया और कहा, यह लोकतंत्र की हत्या है।



### क्या है मामला

दरअसल, 2022 के विधानसभा घेराव केस में देवेंद्रनाथ महतो को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में नगड़ी थाने में देवेंद्रनाथ महतो के अलावा कई अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने जयराम महतो को भी आरोपी बनाया था। इस मामले में पुलिस पहले नामांकन के दौरान जयराम को गिरफ्तार करने गयी थी। जयराम ने पहले कहा कि वह चुनावी सभा को संबोधित करके गिरफ्तारी देंगे लेकिन समर्थकों के बीच जाकर उन्होंने गिरफ्तार होने से मना कर दिया। इस दौरान रांची पुलिस और जयराम के समर्थकों के बीच जमकर बहस हुई। अंत में रांची पुलिस को बेरंग लौटना पड़ा था।

(शेष पेज 11 पर)

## हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर फैसला 13 मई को



**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल नियमित जमानत अर्जी पर अदालत 13 मई को आदेश सुनायेगी। इससे पूर्व शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन अदालत में अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से लिखित जवाब दाखिल की गई। पिछली सुनवाई में अदालत ने दोनों पक्षों को मामले में लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अपने अधिवक्ता के माध्यम से अर्जी दाखिल की है। बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में ईडी ने 31 जनवरी को देर रात हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। एक फरवरी को अदालत में पेश किये गये थे। जहां से उनको न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया गया था।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश

### ग्रामीणों से वोट करने की अपील की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण एवं झारखंड राज्य के पहले चरण में 13 मई 2024 को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को 12-लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीडीसी दिनेश यादव, मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि साथ थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ाखुखरा, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाड़ी, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय,



डुमरी एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कैम्बो तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुड़गुड़जाड़ी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ सुपरवाइजर की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए ठीक से कार्य करने की चेतावनी दी। वहीं ग्रामीणों से वोट करने की अपील की।

उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण दो दिनों में पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। वहीं बीएलओ सुपरवाइजर को इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। वहीं निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने तथा मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा उसमें रनिंग वाटर शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची तथा मतदान केन्द्र जागरूकता समूह से संबंधित सूची का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य चुनाव कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, लाइट एवं पंखा आदि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मतदान के दिन किस आयु वर्ग तक के वालेंटियर की सेवा ली जायेगी, इसकी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर मतदान करने की अपील की।

**बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर भी पहुंचे सीईओ :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर का औचक निरीक्षण कर वहां आने वाले मतदाता कार्ड से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर में जो भी वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र वितरण कराना सुनिश्चित कराएं।

## लोस चुनाव चौथा चरण : सीआइडी में पदस्थापित 105 पुलिसकर्मी गढ़वा जिला बल में किये गये प्रतिनियुक्त

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथा चरण को लेकर सीआईडी में पदस्थापित 105 पुलिसकर्मियों को गढ़वा जिला बल में प्रतिनियुक्त किया गया है। सीआईडी मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश में है कि सीआईडी इकाई से सशस्त्र बल के रूप में 105 पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति चुनाव ड्यूटी के लिए गढ़वा जिला बल में करने का आदेश हुआ है। 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए गढ़वा जिला बल में 105 पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है। सभी हवलदार और आरक्षियों को आदेश दिया जाता है कि आठ मई को गढ़वा जिला बल में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

## सीआइडी के डीजी ने मानव तस्करी से जुड़े मामले को लेकर एनजीओ संग बैठक की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए डीजी अनुराग गुप्ता ने मानव तस्करी से सम्बंधित काम कर रहे एनजीओ के साथ बैठक की। बैठक शनिवार को डोरंडा स्थित नेपाल हाउस के सभागार में हुई। बैठक में राज्य के सभी मानव तस्करी को लेकर कार्य कर रहे सभी एनजीओ संचालक ने भाग लिया। बैठक में झारखंड राज्य में कार्यरत सभी एनजीओ के साथ गुमशुदा बालक, बालिका, महिला अत्याचार और अवैध मानव व्यापार पर चर्चा की गई। बैठक में सीआईडी डीजी के अलावा सीआईडी के डीआईजी, डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी और एक दर्जन से ज्यादा एनजीओ संचालक शामिल हुए।

## झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के दौरान मौसम रहेगा मेहरबान

### मौसम का मिजाज

13 को चार जिलों का अनुमानित तापमान


| | | |
|---|---|---|
| सिंहभूम | 40.0 से 41.0 | 25.0 से 26.0 |
| खूंटी | 37.0 से 38.0 | 21.0 से 23.0 |
| लोहरदगा | 39.0 से 40.0 | 21.0 से 22.0 |
| पलामू | 40.0 से 42.0 | 24.0 से 25.0 |

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान में मतदाताओं पर मौसम के मेहरबान होने की उम्मीद है। अभी जिस तरह से प्रचंड गर्मी है, आसार हैं कि 13 मई को इससे थोड़ी राहत मिलेगी। इस दिन हीट वेव चलने की आशंका कम है। अधिकतम तापमान भी तीन से चार डिग्री नीचे आएगा। ऐसे में वोटरों को गर्मी की मार नहीं झेलनी पड़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार 13 मई को राज्य में न्यूनतम पारा 22 से 25 डिग्री और अधिकतम 34 से 41 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है। राज्य में चौथे चरण में सिंहभूम, खूंटी, पलामू व लोहरदगा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। आठ से 10 मई तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने का भी अनुमान है। हालांकि मौसम में बदलाव का सिलसिला 7 से शुरू होकर 16 मई तक चल सकता है।

### 13 को भी बदल सकता है मौसम



खूंटी और सिंहभूम में 13 मई को तेज आंधी के साथ मौसम करवट लेगा। सात से 16 मई के बीच दो-तीन दिन के अंतराल में तेज आंधी का दौर जारी रहेगा। मौसम में इस तरह के बदलाव के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान नीचे लुढ़केगा।

### बन रहा साइक्लोनिक सर्कुलेशन

विभाग के मुताबिक अगले चार दिन में पश्चिम बंगाल के तराई क्षेत्रों में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने का आसार है। इसके अलावा असम के ऊपर भी ऐसा ही साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन रहा है। इसके चलते हवा के रुख में परिवर्तन होगा। ऐसे में संताल से मौसम बदलाव की यह प्रक्रिया सात से शुरू होकर आठ मई तक पूरे राज्य में चलेगी। विभाग के मुताबिक इसके अलावा छत्तीसगढ़ से लेकर तेलंगाना तक एक निम्न दबाव वाला ट्रफ लाइन भी बन रही है। इससे झारखंड में नम हवाएं आएंगी।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (निर्वाचन कोषांग)**

**आदेश**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 2498 दिनांक 04–04–2024 द्वारा निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत लोक सभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान के दिन सभी सरकारी कार्यालय /सार्वजनिक प्रतिष्ठान में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

कोडरमा जिला अन्तर्गत 05 कोडरमा लोक सभा एवं 14 हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र का भाग अवस्थित है। 05 कोडरमा लोक सभा एवं 14 हजारीबाग लोक सभा में मतदान 20 मई 2024 (सोमवार) को निर्धारित है।

अतः लोक सभा आम चुनाव 2024 के निमित 20 मई 2024 (सोमवार) को कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.324411Election(24-25):D


## अभिभावक की बिना सहमति के नाबालिग को ले जाना या फुसलाना अपहरण के समानः हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है कि एक नाबालिग लड़की को अलग-अलग स्थानों पर ले जाना प्रलोभन है, जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत अपहरण के लिए दोषी ठहराया जाएगा। नाबालिग को उसके अभिभावकों की सहमति के बिना ले जाना या फुसलाना अपहरण के समान होगा।

यह फैसला एक आपराधिक अपील में आया है, जिसमें आईपीसी की धारा 366-ए के तहत अपीलकर्ताओं को दोषी ठहराने के निचली अदालत के



फैसले को चुनौती दी गई थी। पीड़िता की मां द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक, उनकी 15 वर्षीय बेटी को उनके पड़ोसी सकिन्दर बैठा बहला-फुसलाकर 30 जून 2004 की सुबह 4 बजे अपने साथ ले गया। कई प्रयास के बावजूद उसका पता नहीं लगाया जा सका। सामाजिक दबाव के कारण उसे वापस लौटाया गया।

इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट में इस बात के साक्ष्य प्रस्तुत किये गये कि पीड़ित लड़की घटना के समय 18 वर्ष से कम थी और इसलिए उसकी सहमति महत्वहीन होगी। एक व्यक्ति जो 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी नाबालिग को उसके अभिभावक की सहमति के बिना ले जाता है या फुसलाकर ले जाता है तो वह अपहरण माना जाएगा।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा, (निर्वाचन कोषांग)**

**आदेश**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 2492 दिनांक 04–04–2024 के आलोक में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ख के निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ख के अधीन लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित कोडरमा जिलान्तर्गत किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
2. उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।
3. यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पाँच सौ रूपये तक हो सकेगा, दंडनीय होगा।
4. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचन पर लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है उन्हे उस निर्वाचन क्षेत्र मं मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जायेगा। इसके अलावे जहाँ लोक काई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और निर्वाचक के रूप में पंजीकृत है वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख(1) के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होगे।

कोडरमा जिलान्तर्गत सभी संबंधित प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ख के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 324412Election(24-25)#D


## झारखंड में चौथे चरण के 29 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ विभिन्न थानों दर्ज हैं आपराधिक मामले

### बीजेपी के दो और कांग्रेस के एक उम्मीदवार के खिलाफ दर्ज है गंभीर आपराधिक मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे और झारखंड में पहले चरण की वोटिंग 13 मई को होनी है। पहले चरण के लिए कुल 45 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। एडीआर की रिर्पोट के मुताबिक कुल 29 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से 20 फीसदी उम्मीदवारों के



खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बीजेपी के दो और कांग्रेस के एक उम्मीदवार के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामला है। चुनाव से पहले सभी उम्मीदवारों ने अपनी सभी जानकारियां चुनाव आयोग के सामने पेश कर दिया है। खूंटी से कुल सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। वहीं लोहरदगा सीट से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। सिंहभूम लोस सीट से 14 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है और पलामू से नौ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी से करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है। बीजेपी के तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं। वहीं जेएमएम के एक उम्मीदवार करोड़पति हैं। कांग्रेस के एक उम्मीदवार करोड़पति हैं। बताते चलें कि देश के चौथे और झारखंड के पहले चरण में पलामू, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा में चुनाव होना है।

## बसंत लोंगा को झामुमो ने छह साल के लिए पार्टी से निकाला

### झामुमो की कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो ने खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने को लेकर यह कार्रवाई की है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस आशय का पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला समिति की चिट्ठी, मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के मुताबिक बसंत लोंगा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य किया है। बसंत लोंगा पर पार्टी कार्यकताओं को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप लगा है।

### बसंत लोंगा की प्राथमिक सदस्यता रद्द

विनोद कुमार पांडेय ने लिखा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बसंत लोंगा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (प्रेक्षक एवं प्रोटोकोल कोषांग, लोक सभा आम चुनाव–2024)**

**"आम–सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आसन्न लोक सभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 04–चतरा लोक सभा क्षेत्र (26–सिमरिया, 27–चतरा, 73–मनिका, 74–लातेहार, 75–पांकी) के लिए सामान्य/व्यय एवं पुलिस प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

अतएव आम–जन एवं सभी राजनैतिक दल अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु परिसदन भवन, चतरा के सभागार में सम्बन्धित प्रेक्षकों के समक्ष अथवा मोबाईल या ई–मेल के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। इससे सम्बन्धित विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | प्रेक्षक का नाम | कमरा/भवन का नाम | मिलने का समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mr. Nikhil Nirmal, IAS<br>सामान्य प्रेक्षक मो0–6204946414<br>Email Id-chatraobs@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री पियुस कुमार, प्राक्कलन पदाधिकारी, मो0–7985592968 |
| 2 | Mr. Saikat Basu, IRS<br>व्यय प्रेक्षक मो0–6200319653<br>Email Id-chatraexpenditureobserver@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री रंजीत कुमार, राज्य कर पदाधिकारी, मो0–8368184996 |
| 3 | Mr. Gopesh Agrawal, IPS<br>पुलिस प्रेक्षक मो0–6206496097<br>Email Id-policeobserverchatrapc@gmail.com | परिसदन भवन, चतरा के सभागार में | 5:00 PM to 6:00 PM | श्री संदीप, पुलिस अवर निरीक्षक, मो0–8572830950 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.324401Election(24-25):D


### सिसई की विशाल जनसभा में पीएम मोदी ने दिखाया भावनात्क लगाव, कहा

# आइयो, आबा, बुचू मन के जोहार...

### जब तक जिंदा हूं, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने दूंगा : मोदी

**सिसई से, उदय चौहान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से भावनात्मक जुड़ाव में माहिर हैं। सिसई की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने नागपुरी में कहा कि आइयो, आबा, बुचू मन के जोहार। उन्होंने अपने भाषण में इंडी गठबंधन व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को चेताया और लताड़ा कि वह सत्ता में आने पर आदिवासी, दलित, पिछड़े के आरक्षण को काट कर मुसलमानों के बीच बांट देगी। लेकिन, नरेंद्र मोदी के जिंदा रहते बाबा साहेब के संविधान को कोई बदल नहीं सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अपने घर जाकर मोदी का जोहार जरूर कहेंगे। उनके भाषण के दौरान भीड़ ने मोदी-मोदी का नारा लगाया। जनता ने मोदी के आग्रह पर कमल पर वोट डालने की हामी भी भरी।




प्रधानमंत्री ने कहा कि जब संविधान बना, उस समय बाबा साहेब अंबेडकर और सबने मिलकर तय किया था कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को संविधान के तहत आरक्षण मिलेगा लेकिन, कांग्रेस आपका हक छीनकर, संविधान को तोड़-मरोड़कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। आपका हक लूटना चाहती है, इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है। ये मोदी की गारंटी है कि जब तक मोदी जिंदा है मैं दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण में से रत्तीभर भी चोरी नहीं करने दूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो चश्मा पहनती है। उसमें एक ही वोटबैंक दिखता है, वो है मुस्लिम वोट बैंक। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस नीति का बहुत बड़ा नुकसान हर किसी ने उठाया है। जबकि भाजपा सबका साथ-सबका विकास की बात करती है।

### जहां की सरकार भ्रष्ट हो, वहां विकास संभव नहीं

श्री मोदी ने कहा कि जहां सरकार भ्रष्ट हों, वहां बजट कितना भी हो, विकास संभव नहीं है। झारखंड इसी स्थिति से गुजर रहा है। इस राज्य में ऐसा कोई पेपर नहीं जो लीक नहीं होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के सांसद के घर से नोटों के ढेर निकले। ये ढेर इतने बड़े थे कि बैंकों से गिनने के लिये मशीनें लाई गयी। वो मशीन भी गिनते–गिनते हांफने लगी। जिसने झारखंड को लूटा, उस पर कानून के तहत कार्रवाई हो रही है। मोदी का एक ही संकल्प है। भ्रष्टाचार हटाओ। ये इंडी अलायंस वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मैं आपको गारंटी देता हूं कि आने वाले 5 साल में ऐसे सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा जरूर चलेगा। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में पीएम मोदी ने माओवादी हिंसा से देश के एक बड़े हिस्से को मुक्त कराया है लेकिन कांग्रेस आज भी माओवादी नक्सलियों का समर्थन कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के राज में राशन सड़ता रहता था। आप मोदी को लेकर आए। मोदी ने सारे अनाज गोदामों के ताले खुलवा दिये। आज देश में मुफ्त राशन की योजना चल रही है और मैंने गारंटी दी है कि आने वाले 5 साल इसे और चलाऊंगा।

**भगवान बिरसा मुंडा मेले लिए प्रेरणा :** उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा मेरे लिए सिर्फ एक नाम ही नहीं। बल्कि वे मेरे लिए एक प्रेरणा है। उनके जीवन को याद करके मुझे हर चुनौती से जीतने की प्रेरणा मिलती है। मैं भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। पिछले वर्ष उनके जन्मदिवस पर मुझे उनके गांव जाने का सौभाग्य मिला था और मुझे वहां की मिट्टी माथे पर लगाने का गौरव प्राप्त हुआ था। मैं देश का पहला प्रधानमंत्री हूंए जिसे उनके गांव जाकर उस मिट्टी को नमन करने का सौभाग्य मिला है।

स्पीड न्यूज


इंद्रदेव


सनका


जितेंद्र

## नौ सांसद प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए शनिवार को 9 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों के नाम : 1. जी. जयराम दास, निर्दलीय, 2. ज्ञान सागर प्रसाद, निर्दलीय, 3. इंद्रदेव प्रसाद, निर्दलीय, 4. शेख अखिरुद्दीन, बहुजन महा पार्टी, 5. सनका महतो, रवउक(कम्युनिस्ट), 6. जितेंद्र सिंह, निर्दलीय, 7. पार्वती किस्कु, निर्दलीय, 8. साधु चरण पाल, निर्दलीय, 9. सुकुमार सोरेन, भारत आदिवासी पार्टी।

## पहले रोड शो, फिर जितेंद्र ने किया नामांकन

**जमशेदपुर।** निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ने शनिवार को अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के साथ पहले मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल ही रोड शो किया। इसके बाद उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। जिनेंद्र सिंह सुबह लगभग 10 बजे अपने चुनाव कार्यालय मानगो से बड़ा हनुमान मंदिर मानगों के लिए निकले. यहां मंदिर के पीछे स्थित सत्संग भवन परिसर में पहले से ही उनके समर्थकों और कार्यकताओं की भारी भीड़ एकत्रित थी। मंदिर में उन्होंने विधि-विधान से पूजा अर्चना की. इसके बाद यहां से ढोल नगाड़े और बैंड बाजे के साथ नारेबाजी करते हुए पैदल ही उपायुक्त कार्यालय के लिए निकले। जितेंद्र समर्थकों के साथ लगभग एक घंटे साकची शीतला मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत मांता की पूजा की। मंदिर के पुजारी ने जितेंद्र के सिर पर माता की चुनरी बांधते हुए जीत का आशीर्वाद दिया। यहां से पैदल ही वे साकची मुख्य गोलचक्कर, बंगाल क्लब होते हुए अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे।

## निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इंद्रदेव ने नामांकन भरा

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील से सेनावृत और समाजिक कार्यों में पिछले 35 साल से सक्रिय योगदान देने वाले इंद्र देव प्रसाद ने शनिवार को जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन भरा । बुधवार को इंद्र देव प्रसाद ने अपने सैकड़ो समर्थन के साथ उपायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन भरा । इंद्र देव प्रसाद ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक जमशेदपुर के निवासी और खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले खुद को ठगा हुआ महसूस करते है,ना ही अब तक एयरपोर्ट बना और ना ही गरीब मजदूर लोगों पर कोई अब तक ध्यान दिया । इंद्र देव प्रसाद पिछड़ा वर्ग से आते है और वर्षो से रझारखंड प्रजापति कुम्हार संघर के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रह कर कुम्हार समाज का प्रतिनिधि करते है । इंद्र देव प्रसाद ने कहा कि किसी पार्टी ने कुम्हार समाज को झारखंड से टिकट नहीं दिया जिससे कुम्हार समाज के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस करते है, लोगों के जन समर्थन को देखते हुए और पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए इस बार जमशेदपुर लोकसभा से चुनाव लड़ रहा हूं। इस बार जनता बदलाव के लिए तैयार है।

## उपायुक्त ने किया कॉलेजों का निरीक्षण

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने एलबीएसएम एवं को-ऑपरेटिव कॉलेज में बनाये जा रहे ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का जायजा लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होने निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग की मार्गदर्शिका अनुसार सभी प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को खत्म करना चाह रही केंद्र सरकार : चंपई सोरेन

- सीएम ने चक्रधरपुर में जोबा माझी और टाटा में समीर महंती के लिए मांगा वोट
- कड़ी धूप में उमड़ी भीड़, सीएम ने की अपील-तीर धनुष पर बटन दबाइये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी झूठ की राजनीति करती है। वह झारखंड की आदिवासी स्वशासन व्यवस्था खत्म करना चाहती है। इसके लिए वन अधिनियम को शिथिल किया जा रहा है ताकि प्राकृतिक संसाधनों पर आदिवासी समुदाय दावा नहीं कर सकें और इसे पूंजीपतियों को सौंपा जा सके। उक्त बातें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को चक्रधरपुर के बुढीगोड़ा मैदान और जमशेदपुर के करणडीह में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। वे यहां क्रमशः सिंहभूम सीट पर प्रत्याशी जोबा माझी और जमशेदपुर सीट के प्रत्याशी समीर महंती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर लोगों को धोखा देने का काम करते हैं। देश में महंगाई, बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है,लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बारे में बात नहीं करते हैं। भाजपा जुमलेबाजी वालों की सरकार है। उन्हें वोट मांगने का अधिकार नहीं है। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू कर झारखंड के सभी वृद्धों को पेंशन देने का काम किया, जब केंद्र सरकार ने आवास योजना का पैसा देना बंद कर दिया तो तो राज्य की सरकार ने आबुआ आवास योजना का लाभ देकर तीन कमरों का पक्का मकान प्रदान किया। राज्य सरकार द्वारा 125 यूनिट बिजली फ्री में दी जा रही है। हम जो कहते हैं अपना वायदा पूरा करते हैं। केंद्र सरकार मानकी मुंडा व्यवस्था को खत्म कर देना चाहती है। हम मानकी मुंडा के बैठने के लिए भवन का निर्माण कराएंगे और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ किया जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वन अधिनियम को शिथिल किया जा रहा है। हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग दिल्ली तक हो रही है, लेकिन केंद्र सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। सरना धर्मकोड को लागू नहीं किया जा रहा है। इस लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित कर सरकार बनाना है। उन्होंने सिंघम लोकसभा सीट से प्रत्याशी जोबा माझी को भारी मतों से जीत दिलाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाषा में भी संबोधित किया।





चक्रधरपुर में जोबा माझी के साथ चुनावी सभा संबोधित करते मुख्यमंत्री चंपई और करणडीह,जमशेदपुर में समीर महंती के लिए एकता दिखाते सीएम और मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास, मंगल कालिंदी और समीर महंती।

### यह लोकसभा चुनाव हमारे अस्तित्व की लड़ाई है : जोबा माझी

बुढीगोड़ा मैदान में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के चुनावी सभा के दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा की यह लोकसभा चुनाव हमारी अस्तित्व की लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित किया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कोल्हान के लिए कौन से विकास कार्य किए गए। ईचा खरकई डैम के विस्थापितों के बारे में प्रधानमंत्री ने कुछ भी बात नहीं की। हमारे मुखिया हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया गया। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन को जीत दिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता मजबूत करें।

### धर्म के नाम पर लड़ना जानती है भाजपा : बन्ना गुप्ता

चुनावी सभा के दौरान झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ना जानती है। युवाओं को झूठ सपने दिखाए जाते हैं। केंद्र की सरकार से हर कोई परेशान है, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। भाजपा से झूठ बोलकर वोट लेना जानती है।

### आज सिंहभूम में दो चुनावी सभा करेंगे सीएम चंपई

**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 5 मई रविवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में दो चुनावी सभा में भाग लेंगे। दोनों सभा मझगांव विधानसभा क्षेत्र में होगी। पहली सभा दोपहर 3 बजे कुमारडूंगी प्रखंड के ताड़ीसाई मैदान अंधारी तथा दूसरी सभा शाम 4 बजे मंझारी प्रखंड के ग्राम पुटिसिया, टोला लादुसाई राका मैदान में होगी। सभा में सीएम के साथ सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी मौजूद रहेंगी।

**मंच पर ये थे मौजूद :** मंच पर मंत्री बन्ना गुप्ता, चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# टाटा स्टील प्रवेश के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्या, सनसनी

- गाजियाबाद में शालीमार गार्डेन स्थित खेतान पब्लिक स्कूल के पास घायलावस्था में मिले थे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। त्यागी टाटा स्टील के प्रवेश पोर्टफोलियो के बिजनेस हेड थे और शालीमार गार्डन स्थित खेतान पब्लिक स्कूल के पास उन्हें चाकू मार दिया गया जब वे देर रात दफ्तर से अपने आवास लौट रहे थे।

त्यागी दिल्ली में पदस्थापित थे और साहिबाबाद की राजेंद्र नगर में उनका परिवार रहता है। विनय त्यागी का एक माह पहले ही कोलकाता से दिल्ली तबादला किया गया था। बताया जाता है कि शुक्रवार की दे रात यानी शनिवार की अगले सुबह भोर के 3:00 बजे खैतान पब्लिक स्कूल के पास स्थित नाली के पास विनय त्यागी को गंभीर रूप से पहले अवस्था में बरामद किया गया था। इसके बाद उनको तत्काल नरेंद्र मोहन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। विनय त्यागी के पास से लैबटॉप, मोबाइल और पर्स गायब है जिससे आशंका है कि वे लूट गैंग के शिकार बने हैं।



विनय त्यागी की फाइल फोटो।

विनय के परिवार में माता-पिता,पत्नी और दो बच्चे हैं। विनय त्यागी टाटा स्टील के दिल्ली ऑफिस में पदस्थापित थे और वे अक्सर मेट्रो से ही ऑफिस आते-जाते थेञ परिजनों के अनुसार उन्होंने रात के 11.30 बजे करीब अपना लोकेशन शेयर किया था। वह आमतौर पर रात 10:00 बजे तक घर लौट आते थे । शुक्रवार की रात देर हुई तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू किया जिसके बाद घर से कुछ दूरी पर शालीमार गार्डन स्थित खेतान पब्लिक स्कूल के पास ही गली में हुए विनय घायल अवस्था में मिले। उनके पेट में चाकू से कई बार हमला किया गया था। इसकी सूचना तत्काल साहिबाबाद पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। पुलिस में सीसीटीवी और मैनुअल सर्विलांस के जरिए जांच शुरू कर दी है। 42 वर्षीय विनय त्यागी अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ नई दिल्ली में रहते थे। पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल पर ज्यादा ब्लड नहीं पाया है। फोरेंसिक की टीम मामले की जांच कर रही है। घटना की जांच के लिए कुल तीन टीमों का गठन किया गया है।

## एक नजर में

### बंगाली समुदाय के साथ सीएम ने किया विमर्श



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्जी के आमंत्रण पर विभिन्न समुदाय के लोग बिस्तुपुर होटल में मुख्य मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। उसमें बंगाली समाज के लोगों ने भी मुख्य मंत्री से मुलाकात की और बंगला भाषा के विकास के लिए जो दायित्व उनके ऊपर सौपे थे उनका धरातल पर लागू करने का आश्वासन भी उन्होंने दिया। सभी ने मध्याह्न भोजन भी मुख्यमंत्री के साथ किया। समाज के लोग लोगसभा प्रत्याशी समीर मोहंती के साथ नामांकन दाखिल को निकली रैली में भी शामिल हुए। इसमें तापस चैटर्जी, पूरबी घोष, विकाश भट्टाचार्जी, विश्वनाथ घोष,राजीव आचर्जी, नीता सरकार, सुभाष सिंह रॉय, सुकुमार बोस, अमित चक्रवर्ती, दिलीप मंडल, भगवत मुखर्जी, नानटू सरकार,पंकज बोइद्या व अन्य शामिल थे।

### श्रीनाथ विवि में एसपीएसएस पर दो दिवसीय सेमिनार



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित 'एसपीएसएस : परिचय' नामक दो-दिवसीय वर्कशॉप, शनिवार को समाप्त हो गया। इस वर्कशॉप में जमशेदपुर और उसके आसपास के प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वर्कशॉप से शोधार्थियों को जहां काफी कुछ नया सीखने को मिला तो वहीं कई नई चीजों के बारे में उनकी जानकारियां भी दुरुस्त हुई। विशेष कर क्वालिटेटिव और क्वांटिटेटिव डेटा प्रबंधन और उसका विश्लेषण, जो कि किसी रिसर्च स्किल का मूल माना जाता है, के बारे में शोधार्थियों को जानकारी दी गई साथ ही अलग अलग जगहों से डेटा कलेक्शन तकनीक एवं उसके विश्लेषण के बारे में भी बताया गया। पेपर पीडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रसिद्ध शोध विश्लेषक डॉ कमला कांत दास ने शोध प्रक्रियाओं के महत्वपूर्ण पहलुओं और एसपीएसएस के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। उन्होंने शोध अभिविन्यास, शोध गतिशीलता, कारक विश्लेषण जैसे सांख्यिकीय उपकरणों के बारे में भी जानकारी साझा किया। इसके अलावा उन्होंने परिकल्पना परीक्षण और अन्य महत्वपूर्ण शोध पहलुओं के बारे में भी बताया। कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय महतो ने इस वर्कशॉप के बारे में बात करते हुए मीडिया से कहा कि इस तरह के वर्कशॉप में विद्यार्थियों एवं शोधार्थी की सहभागिता से उनके द्वारा किए जाने वाले शोध में निश्चित तौर पर उन्हें फायदा पहुंचेगा और वे शोध की बारीकियो को अच्छे से समझ सकेंगे।

## करीम सिटी कॉलेज में आयोजित हुआ सत्यजीत राय स्मृति व्याख्यान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध निमार्ता निर्देशक सत्यजित राय के जन्मदिन के अवसर पर करीम सिटी कॉलेज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम करीम सिटी कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग, नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन, सृजन संवाद तथा साहित्य कला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में करीम सिटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार श्री चंदन पांडे शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता डॉ अशोक कुमार झा प्राचार्य एलबीएसएम कॉलेज ने की। नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी श्री आशीष कुमार सिंह द्वारा सत्यजीत राय स्मृति व्याख्यान ऑनलाइन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम सत्यजीत राय पर केंद्रित है और हम झारखंड वालों के लिए वे बड़े ही सम्मानित हैं। उन्होंने 1955 में 'पथेर पांचाली' फिल्म जिस उपन्यासकार के उपन्यास पर बनाया वे बिभूति भूषण बंदोपाध्याय हमारे झारखंड के घाटशिला क्षेत्र से संबंधित थे। मौके पर डॉ विजय शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक 'सत्यजीत राय का अपूर्व संसार' का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्री चंदन पांडे तथा अन्य अतिथियों के शुभ हाथों संपन्न हुआ। पुस्तक की संपाधिका डॉ विजय शर्मा ने सभा को संबोधित किया।

## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ राजेश सिंह के साथ मारपीट, घायल

- अस्पताल के बाहर अवैध ऑटो स्टैंड के गुंडों ने किया हमला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, तामुलिया के ऑथोपेडिक्स सर्जन डा राजेश कुमार सिंह के साथ अस्पताल के बाहर ऑटो लगाने वाले असामाजिक तत्वों ने मारपीट की है। मारपीट से डा सिंह के नाक और मुंह पर चोट लगी है। यह मारपीट डा राजेश सिंह का पीछा करने के पश्चात चेपा पुल और पारडीह चौक के बीच किया गया है। डा सिंह को करीब आधे दर्जन युवकों ने कार रोकने के लिए विवश किया और उन से बुरी तरह हाथपायी कर घायल कर दिया। डा सिंह ने इसकी सूचना तुरंत अस्पताल प्रबंधन को दी। इस मामले की शिकायत जमशेदपुर पुलिस से की गई है।



अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि इस घटना में अस्पताल के बाहर अवैध ऑटो लगाने वाले असामाजिक तत्वों ने अंजाम दिया है। सुबह में जब डा राजेश अस्पताल जा रहे थे तो आशियाना ब्रम्हानंद और अस्पताल के गेट के बीच ऑटो वालों ने सड़क पर ही ऑटो लगा दिया था। इस पर डा राजेश सिंह ने उतर कर ऑटो वालों को डांटा था। बताया जाता है कि एक चालकों ने सड़क तो खाली कर दिया किन्तु उसी समय से डॉक्टर की रेकी करने लगे। जब डा राजेश काम खत्म कर घर लौटने के लिए अपनी कार से निकले तो ऑटो चालकों ने फोन से इसकी सूचना मानगो के असामाजिक तत्वों को दे दी जिन्होंने मानगो थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर डा राजेश को बुरी तरह पीटा।

इधर, ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल के सूत्रों ने कहा है कि कपाली पुलिस की लापरवाही से अस्पताल के बाहर असामाजिक तत्वों, नेशेड़ियों और अवैध ऑटो वालों का जमावड़ा लग रहा है। इससे आये दिन रोगियों के परिजनों और अटेंडरों से लड़ाई झगड़ा होते रहता है। यह पहली बार है जब असामाजिक तत्वों ने सीनियर डॉक्टर पर ही मामूली बात को लेकर हमला कर दिया है।

### दीपक को यूएसए में मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**जमशेदपुर।** स्टील सिटी के दीपक कुमार अब डॉ दीपक कुमार के नाम से जाने जायेंगे। भारतीय समयानुसार चार मई को यूएसए के लेक्सिंग्टन में आयोजित एक भव्य समारोह में उसे यह उपाधि हासिल हुई। उन्होंने यूएसए के स्टेनली एंड करेन पिगमैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से गैस सहायता प्राप्त इलेक्ट्रॉन बीम पैटर्निंग प्रक्रियाएं में शोध कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। उक्त समारोह में भाग लेने के लिए दीपक कुमार के माता-पिता (मंजू सिन्हा व पवन चौधरी) को भी आमंत्रण मिला था फलस्वरूप वे दोनों भी उक्त समारोह में शिरकत किये। बताते चलें कि डॉक्टर दीपक कुमार एडीएल सोसायटी साकची से स्कूली शिक्षा प्राप्त किये। उसके बाद बीआईटी सिंदरी से इंजीनियरिंग, तत्पश्चात एमटेक। बाद में पीएचडी की पढ़ाई करने यूएसए चले गये। जहां से उन्होंने डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी की। **खबर मन्त्र** से बातचीत में उन्होंने कहा कि पढाई से जी चुराने से हम मुकाम हासिल नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं शोध के दौरान जो कुछ भी हासिल किया हूं उसका शत प्रतिशत लाभ भारत समेत संबंधित संस्थान को दूंगा। विदित हो कि दीपक परिवार में सबसे छोटा है उसका बड़ा भाई रोहित इंडिगो एयरलाइंस में मैनेजर है, जबकि मझला भाई संदीप टाटा स्टील में कार्यरत है पिता पवन चौधरी टाटा स्टील से सेवा निवृत्त है।

## विजय संकल्प सभा में पीएम ने कांग्रेस पार्टी और झामुमो वालों को किया बेनकाब : कोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा चाईबासा शहर के महादेव कालोनी, गुटुसाई, तुरिटोला, स्व राधे संबरूई जी के मुहल्ले में जाकर जनता जनसंपर्क कर कहा कि कल मोदीजी ने चाईबासा में हुई जनसभा में मुद्दाविहीन झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी वालों के झूठ का किया पदार्फाश,जिससे घबड़ाये उनके मुख्यमंत्री को आज सूझ ही नही रहा था कि वे क्या कह कर अपने पार्टी पर लगे दागों पर जनता को सफाई दें,फिर वही पुरानी झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का कुटिल प्रयास ये कर रहें हैं। गीता कोड़ा ने जनता को बताया कि मोदीजी ने साफ शब्दों में कहा कि आदिवासियों,पिछड़ी जातियों के आरक्षण में ,संविधान बदलने पर कोई कार्य भारतीय जनता पार्टी सरकार ने नही किया,वे चाईबासा में मेडिकल कालेज बनवा रहें हैं जिससे यहां के बच्चे डॉक्टर बन सके,एकलब्य विद्यालय बनवा रहें है जहाँ बच्चे पड़ लिखकर अपना भविष्य बना सकें, ऐसी मोदीजी ने अनेकों विषयों पर कहा जिससे गरीबों, सभी वर्गों के लोंगों की भला



ग्रामीणों से संवाद करती सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा।

## एनटीटीएफ के दो छात्रों को 5.5 लाख के पैकेज पर किया लॉक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यदि कड़ी मेहनत आपका हथियार है, तो सफलता आपकी गुलाम हो जायेगी इसे सिद्ध कर दिखाया एनटीटीएफ आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट गोलमुरी के छात्रों ने ।एनटीटीएफ आर डी टाटा टेक्निकल सेंटर गोलमुरी में विभिन्न कंपनियों द्वारा कैंपस सेलेक्शन किया गया जिसमें फाइनल ईयर के छह छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु उन्हें विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित किया गया। कैंपस सिलेक्शन में मुख्यतः लिखित परीक्षा,तकनीकी क्षमता का ज्ञान एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद हुआ। जिसमें छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया एवम प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी जगह सुनिश्चित की। डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (उढ15) से रिया कुमारी गुप्ता एवं दिशा महाकुड को बंगलौर स्थित टेट्रा पैक कंपनी द्वारा 5.5 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। वहीं डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से ही मिहिर कर को बंगलौर स्थित आईटीसी कंपनी के लिए 3.47 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। प्रभाकर पांडा, कुशानंद एवं दीपक कुमार को तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन कंपनी द्वारा 3.75 के पैकेज पर चुना गया।

### पक्षियों को गर्मी में पेड़ के नीचे या छत पर पानी उपलब्ध कराना बहुत ही जरूरी है : श्रीकांत



**जमशेदपुर।** यूं तो जल को हर एक मौसम में मानव जीवन से लेकर प्रत्येक प्राणधारियों के लिए जीवन रक्षक माना गया है खासकर तब जबकि प्रचंड गर्मी से शहर के लोगों के साथ अन्य प्राणी भी जूझ रहा हो ऐसी स्थिति में बेजुबान पशु पक्षियों की जान बचाने के लिए जल की उपयोगि एवं महत्व पूर्ण है। वैश्य एकता मंच के प्रदेश महामंत्री श्रीकांत देव ने विगत वर्ष की भांति इस प्रचंड गर्मी में चिड़ियों को दाना पानी पिलाने के लिए घर के छतों पर मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रखने का शहरवासियों को संदेश दिया है ताकि बेजुबान पक्षियों की जान बचायी जा सके। इस तरह के काम को धरातल पर लाकर श्री देव ने कई लोगों को इस कार्य के लिए प्रेषित किया है।

## आदिवासी समाज की चिंता सिर्फ भाजपा ने की, कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक : अर्जुन मुंडा

- खूंटी लोकसभा क्षेत्र में गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**खूंटी/जमशेदपुर।** आज केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले के विभिन्न गांवो में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता हमारी सरकार ने की है, इससे पहले 60 साल तक राज करने वाले कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा में 20 एकलव्य खोलने का काम प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही यहां पर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा, जहां 12वीं तक बच्चों को शिक्षा भी दी जाएगी और उनके रहने-खाने का इंतजाम भी हमारी सरकार करेगी।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि खूंटीवासियों के लिए हमारे प्रधानमंत्री के दिल में एक खास जगह है और अपने भाषणों में वे भगवान बिरसा मुंडा को जिक्र हमेशा करते हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चल रही सरकार में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया। यह खूंटीवासियों के लिए गर्व कि बात है। कांग्रेस ने हमेशा से आदिवासी समाज के योगदान को भुलाने का काम किया लेकिन भाजपा आज उनके योगदान को सबके समक्ष ला रही है। कल चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया । इस दौरान उन्होंने मुझे एक कार्य सौंपा है, उन्होंने कहा था कि खूंटी की जनता को मेरा जोहार बोलना, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से आप सभी को जोहार और प्रणाम करता हूँ ।साथ ही आप सभी से अपील करता हूँ कि हम सभी को मिलकर फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है।



अर्जुन मुंडा का स्वागत करती एक ग्रामीण महिला।

### सिदो-कान्हू स्कूल में लीगल लिट्रेसी क्लब गठित

**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर ने मानगो स्थित सिद्धू कान्हू स्कूल में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया। साथ ही वहां लीगल लिट्रेसी क्लब का भी गठन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद थे। अन्य अतिथियों में मध्यस्थ अधिवक्ता राजेश दास, लीगल काउंसिल प्रमुख विदेश सिंह, काउंसिल सदस्य योगिता कुमारी एवं अंकित आंनद मंच पर थे। सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की बच्चियों ने स्वागत गान से की। डालसा सचिव ने स्कूली बच्चों को कानून की बारीकियां के साथ पढ़ाई अच्छे से कैसे करें कि अपने लक्ष्य को आसानी से पा सकें। उन्होंने बच्चों को अपने मुकाम हासिल करने के लिए कई तरह के उदाहरण देकर समझाने का भी प्रयास किया।

# जब तक आपका मोदी जिंदा है दलित, आदिवासी और पिछड़ों के आरक्षण में रती भर भी आंच नहीं आने देगा

## ›› पलामू के चुनावी जनसभा में गरजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**सत्येंद्र मिश्र/ गजेंद्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** पूरे विश्व के मानचित्र पर वर्ष 2014 से भारत अपना परचम लहराते हुए विश्व को लोहा मानने पर मजबूर कर दिया है। कांग्रेस के कार्यकाल में भारत का हाल क्या था यह किसी से छिपा नहीं। आये दिन झारखंड, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, बिहार, तिरूपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद से धरती लहुलुहान रहती थी। आज भारत में बम धमाके की आवाज कहीं सुनाई नहीं देती। कांग्रेस के कार्यकाल में जब बम धमाके होते थे, तो पाकिस्तान को कांग्रेस लव लेटर लिखती थी। जितना लेटर पाकिस्तान को लिखा जाता था उतना ही वह आतंकवादी भेजता था। कल भारत पूरे विश्व में सुरक्षा के लिए रोना रोता था, वहीं आज पाकिस्तान पूरे विश्व में गिड़गिड़ा रहा है। यह सब आप सबों के मत व आशीर्वाद की देन है। नया भारत घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। पूर्व में झारखंड, बिहार का कोई ऐसा गांव नहीं था जहां शहीदों का शव तिरंगा में लपेट कर आता था, आज वह सब बंद हो चुका है। उक्त बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चियांकी हवाई अड्डा में आयोजित पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।

**10 वर्षों में 11वें से पांचवें स्थान पर आ गयी भारत की अर्थव्यवस्था :** पलामू की चुनावी जनसभा में गरजते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है दलित, आदिवासी पिछड़ा के आरक्षण में रती भर आंच नहीं आने देंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पलामू को अपने नसीब पर छोड़ दिया था आज यह आकांक्षी जिला में शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी पद, प्रतिष्ठा, पैसा व मौज मस्ती के लिए नहीं बल्कि मिशन के लिए पैदा हुआ है। वहीं कांग्रेस, झामुमो अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के लिए काम कर रहे हैं। विगत 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें से पांचवें स्थान पर आ गयी। आनेवाले समय में यह तीसरे स्थान पर खड़ी होगी। उन्होंने लोगों को मगही भाषा में संबोधन करते हुए प्रणाम कहा। जो लोग गरीब की झोपड़ी में फोटो खिंचवाते थे आज उस झोपड़ी को मोदी सरकार ने बंद कर दिया है। 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर निकाला गया है यही हमारी पूंजी है। कांग्रेस की सरकार ने पलामू को अपने नसीब पर छोड़ दिया था, जिसे मोदी सरकार ने आकांक्षी जिला की सूची में शामिल किया है। इसके बाद पलामू में उत्तरोतर विकास हुआ। आज पलामू के गांव में सड़क, पक्की मकान, शौचालय, घरों में गैस सिलिंडर, विद्युत व्यवस्था दिखाई दे रही है। 2014 के पूर्व सौ में से तीन पंचायत में ही इंटरनेट की व्यवस्था हुआ करती थी। आज देश के कोने कोने में इंटरनेट की सुविधा बहाल हो चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि झामुमो- कांग्रेस की नजरें आपके सोने, चांदी, जमीन पर है लेकिन भाजपा की नजर गांव, घर, जिला व राज्य की उन्नति पर लगी हुई है।



## पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पलामू को अपने नसीब पर छोड़ दिया था, आज यह आकांक्षी जिला

### इंडी गठबंधन के लोग कर रहे हैं दुष्प्रचार

उन्होंने इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग एससी, एसटी व ओबीसी के बीच दुष्प्रचार कर रहे हैं कि आरक्षण समाप्त होनेवाला है लेकिन भारत में धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं होने दिया जायेगा। जबकि कांग्रेस, जेएमएम के लोग धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। बाबा साहब ने संविधान में जो अधिकार दिया है उसे कभी छिनने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है तब तक दलित, पिछड़े, एससी, एसटी के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होने देंगे। आदिवासी के हितों का बराबर ख्याल रखा गया है। भारत के पहला प्रधानमंत्री मैं हूं जो भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातू पर जाकर उन्हें नमन किया हूं। आनेवाले वर्ष 2025 में 185 जयंती पर देश के सभी स्थानों पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणा से जनजातियों को पक्का घर, गैस, पानी व बिजली दिया जायेगा।



**महिला मोर्चा ने मोदी को किया सम्मानित**

चियांकी स्थित चुनावी जनसभा में मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम महापौर अरूणा शंकर के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा ने मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी को भगवान श्रीराम का मूर्ति देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भवनाथपुर के भाजपा नेत्री व मंच संचालिका लवली आनंद ने पीएम श्री मोदी को एशिया प्रसिद्ध नगर स्थित बंशीधर मंदिर आने का आग्रह किया।

### पीएम मोदी के हाथों कों करें मजबूत : बीडी राम

आजादी के बाद पलामू के माथे पर जो कलंक लगा था उसे 10 वर्षों के कार्यकाल में आकांक्षी सूची से निकालने का प्रयास किया। जिसमें बहुत हद तक मुझे सफलता मिली है। पलामू संसदीय क्षेत्र में यातायात की सुविधा बढ़ी है। मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना होने से पलामू प्रमंडल ही नहीं, बल्कि झारखंड के दूसरे राज्यों से यहां छात्र अध्ययन करने आ रहे हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र में कई छोटे बड़े पुल पुलिया बनाया गया है। आज 49 हजार करोड़ की योजना पर कार्य प्रारंभ है। भाजपा सिर्फ विकास चाहती है। पलामू लोकसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने मोदी के विजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उनके वीजन से ही पलामू संसदीय क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता ने मुझे दो बार प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। जिनकी आशा एवं उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास किया। आज पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों की उम्मीद पर तीसरी बार चुनाव लड़ रहा हूं। जो अधूरे कार्य रह गये हैं उसे पूरा करना है। पलामू संसदीय क्षेत्र को पिछड़ेपन से बाहर निकालने का प्रयास करते हुए जनविश्वास की रक्षा कर विकास के इतिहास रचा है। अबकी बार 400 पार में पलामू की हिस्सेदारी के लिए उन्होंने भारी मतों से जिताने की अपील की।

**तीसरी बार बनेगी मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार: डॉ शशिभूषण-** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू ही नहीं देश की जनता केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार स्थापित करने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। इतना ही नहीं मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता व्याकुल है। देश में तीसरी बार उनके नेतृत्व में सशक्त सरकार बनेगी। यह देख व सुनकर देश के विघटनकारी राजनीतिक दलों के पेट फूल रहे हैं।

**देश की उन्नति मोदी के हाथ से ही संभव है : आलोक चौरसिया-** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि देश आजादी के बाद वर्ष 2014 में पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व के मानचित्र पर खड़ा हुआ है। देश की उन्नति मोदी के हाथों से ही संभव है। 10 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा देश, राज्य व जनहित में एक से बढ़कर एक कार्य किया है। जिसे देख देशवासी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने बाबा साहब को दो गज जमीन नहीं दी आज आरक्षण समाप्ति की बात करती है : अमर बाउरी

देश आजादी के बाद लोकतंत्र का गला कभी ईमरजेंसी लगाकर तो कभी षडयंत्र कर गला घोटने का काम कांग्रेस की सरकार करते आयी है। संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने कभी नहीं किया और न ही उन्हें दो गज जमीन दी। आज वही कांग्रेस संविधान बचाओ आरक्षण समाप्ति की बात करती है। 2014 के बाद पूरे देश में भाजपा ने बाबा साहब को सम्मान दिया। संविधान में वर्णित कानून के आधार पर भाजपा ने दलित, शोषित व पिछड़ों समेत आदिवासियों को हक व अधिकार दिलाया। लेकिन राजद, झामुमो व कांग्रेस ने मिलकर बाबा साहब के संविधान को गला घोंटकर बालू, कोयला, पत्थर, जल जंगल व जमीन को लूटने के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।

**शक्ति का नाम है मोदी : रामचंद्र चंद्रवंशी-** विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पीएम मोदी के कारण भारत विश्वस्तर पर अपना अमिट छाप छोड़ने में सफल रहा है। भारतीयों को विदेश जाने के लिए पास बनाने के लिए सोचना पड़ता था। आज यह चिंता देशवासियों को नहीं है। कोरोना काल में देशवासियों को जैसे बचाया है उसे पूरा विश्व देखकर भारत का नतमस्तक हुआ है। यह मोदी की शक्ति की ही देन है।

**झारखंड में 13 फूल व एक फल की होगी जीत : भानू प्रताप-** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड में 13 फूल व एक फल की जीत पक्की है। इसमें सबसे ज्यादा मतों से पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विष्णुदयाल राम उर्फ बीडी राम की जीत होगी। उन्होंने कहा कि इस बार पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता एक सांसद के साथ-साथ देश के भावी केंद्रीय मंत्री को जिताकर भेजने का काम बना लिया है।

### ये भी थे उपस्थित

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, भाजपा प्रत्याशी बिष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, रामचंद्र चंद्रवंशी, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा नेता विनोद सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, उप महापौर मंगल सिंह, भाजपा महिला प्रवक्ता लवली गुप्ता, प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा सिंह, अनिता देवी, सीटू गुप्ता, पूर्व सांसद घूरन राम, मनोज भुइयां, प्रभात भुइयां, कामेश्वर कुशवाहा, जवाहर पासवान, सुनील पासवान, अलखनाथ पांडेय, श्यामनारायण दूबे, अमलेश दूबे, रामप्रवेश सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, कमलेश सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, सत्येंद्रनाथ तिवारी, ब्रजमोहन राम, ईश्वरी पांडेय, शिव कुमार मिश्रा, किशोर पांडेय, अविनाश वर्मा, प्रफुल्ल सिंह, ज्ञान शंकर, अमिताभ मिश्रा, आलोक माथुर, राम लव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, इंदरजीत सिंह डिंपल, लूड्डू खान, मनोज सिंह, छोटू सिन्हा, ज्योति पांडेय, विजय ओझा, आजसू के बबलु गुप्ता, बिकेश शुक्ला


## स्पीड न्यूज

### गैस सिलेंडर से झुलस कर तीन घायल




**पाटन पलामू।** बिसुनपुरा के अभय गिरी, गौरी शंकर गिरी तथा अभय गिरी के बहनोई गोरख नाथ भारती गैस सिलेंडर से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि अभय गिरी के यहां शादी थी। शादी में खाना बनाने सिलेंडर मंगाया था। शादी खत्म हो जाने के बाद सिलेंडर में बचा गैस निकाल दूसरे सिलेंडर में डाला जा रहा था। बगल में ही खाना बन रहा था उसी क्रम में आग लग गयी। तीनों का किशुनपुर में ईलाज किया जा रहा है। अभय लोइंगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं।

### मास्टर ट्रेनर अमरेंद्र दुर्घटना में घायल




**मेदिनीनगर।** मतदानकर्मियों को चुनाव प्रशिक्षण देने हेरिटेज स्कूल आने के क्रम में मास्टर ट्रेनर अमरेंद्र नारायण (शिक्षक मध्य विद्यालय शाहपुर चैनपुर) चियांकी पार्क के निकट एक अनियंत्रित बाइक की टक्कर में घायल हो गये। उन्हें पैर, हाथ व सीने में चोट लगी है। पैर में गंभीर चोट आयी है। जानकारी मिलते ही जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अशोक सिंह, अमरेन्द्र नारायण व प्रधान सहायक प्रशिक्षण कोषांग रामलखन राम ने उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। उनकी पत्नी व बेटी ने बताया कि चिकित्सक की सलाह पर पैर की गंभीर चोट को देख कल उन्हें रांची ले जाया जायेगा।

### होम वोटिंग में घर से ही होगा मतदान



**मेदिनीनगर।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में 2 मई से ही जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ है जिसमें बीते गुरुवार को होम वोटिंग के तहत पलामू जिले में कुल 124 वोटर्स ने अपना मतदान अपने घर में ही किया। ज्ञातव्य है कि जिले के वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85+ है व दिव्यांग मतदाता जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से 12 डी फॉर्म से घर में ही मतदान कराने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। होम वोटिंग के माध्यम से जिले में कुल 478 मतदाताओं से मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### याद किये गये गोपा बाबू



**मेदिनीनगर।** बंगला पुस्तकालय में आजादी के बाद पलामू की धरती से पहली बार विधायक बने व भारत के संविधान सभा के सदस्य रहे स्व अमिय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम बंगाली समिति व बंगीय दुर्गा बाड़ी ने करायी थी। मौके पर पलामू के वरीय पत्रकार व पलामू के क्रांतिकारी पुस्तक के लेखक प्रभात मिश्रा सुमन मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया। वंगीय दुर्गा बाड़ी के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने गोपा बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने गोपा बाबू की जीवनी पर प्रकाश डाला। अपनी पुस्तक में लिखने के लिए गोपा बाबू के बारे में जानकारी जुटाने में उन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ी यह भी बताया। कहा कि गोपा बाबू सिर्फ पलामू या तत्कालीन बिहार तक ही सीमित नहीं थे।

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने किया युवा चौपाल का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा विश्रामपुर ने युवा चौपाल किया। इसमें बिश्रामपुर युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजय ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री गोपाल सोनी ने की। मौके पर गोपाल सोनी ने कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के विकास के लिए किये जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ वर्तमान झारखंड सरकार द्वारा झारखंड को अंधेरे में धकेलने का काम किया जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार जिस प्रकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत का विश्व पटल पर डंका बजवा रही है उसके ठीक विपरीत झारखंड सरकार ने केवल युवाओं को ठगने का कार्य किया है। आज झारखंड राज्य के युवा वर्ग इसका जवाब चुनाव में देगी। जनता भाजपा को प्रचंड जीत दिलायेगी। मौके पर विजय गुप्ता, सुमन कुमार, टिंकू चौधरी, फंटूश कुमार, रवि चंद्रवंशी, दीपक कुमार, गोलू गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, टुनू बक्सराय भी थे।



## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का किया गया इंतजाम

■ तीन लेयर में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को लगाया गया, एसपी खुद ही मॉनेटरिंग कर रही थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पलामू आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस थी। पलामू जिला के सीमावर्ती अंतरर्राज्यीय थाना क्षेत्र में सघन जांच अभियान विगत कुछ दिनों से चलाया जा रहा था। वहीं पलामू जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों के द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इन सभी बिंदुओं पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन पल पल की खबरें पुलिस अधिकारियों से प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थी। शनिवार को चियांकी हवाई अड्डा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनावी सभा कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें तीन स्तर का सुरक्षा व्यवस्था बैरेकेटिंग लगाकर किया गया था। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तीन हजार से अधिक पुलिस बल एवं पुलिस ऑफिसर लगाये गये थे।



## अगलगी में 35 हजार नकद समेत सामान खाक



**पाटन पलामू।** सिकी खुर्द में पुनम देवी पति सुरेंद्र सिंह के घर आग लगने से घर में रखा सारा समान जल कर राख हो गया। जानकारी के अनुसार पुनम के घर के बगल में घोरान था। घोरान में अचानक आग लग गयी, जिससे उसके घर में आग पकड़ ली। जिससे घर में रखा नगद 35 हजार, जेवरात, कपड़े सहित सभी सामान जल गये। पुनम ने बताया कि अगलगी से करीब पांच लाख का नुकसान है। भुक्तभोगी साधारण किसान है। मजदूरी कर भरण पोषण करता था। सूचना पर कांके के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गिरजा नंदन सिंह एवं पंचायत के राजस्व कर्मचारी आशीष कुमार घटनास्थल पहुंच क्षति का जायजा लिये।

### केंद्र में मोदी और राज्य में सुदेश महतो के नेतृत्व में विकास की अलख जरूर जलेगी : सतीश कुमार



**मेदिनीनगर।** पीएम मोदी के पलामू दौरे के बाद पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बीडी राम की जीत की मुहर जनता ने लगा दी। झारखंड के सभी 14 में 13 फूल और 1 फल अप्रत्याशित विजय का परचम फहराने के लिए तैयार हैं। आजसू के लोकसभा प्रभारी सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि मिशन 24 में केंद्र में मोदी और राज्य में सुदेश को जनता ने स्वीकार लिया है। मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, शंकर विश्वकर्मा, त्रिपुरारी सिंह, डॉ अफजल अंसारी, चंपा देवी, रीता देवी, राजु प्रसाद, दशरथ चौधरी ने हर गांव टोला में प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया।

### अविनाश ने पीएम की आमसभा पर दी बधाई




**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह हुसैनाबाद विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के भव्य और शानदार आमसभा संपन्न होने पर पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को भी साधुवाद दिया है। श्री वर्मा ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस बात का द्योतक है कि आज भी पलामू वासियों के साथ तमाम लोगों के दिलों में मोदी जी के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास कायम है। शायद तभी इतनी भीषण गर्मी में भी पलामू लोकसभा के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों महिलाएं और वृद्ध उनको देखने और सुनने के लिए पूरे उत्साह के साथ-साथ ससमय कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हो चुके थे।

## तोलरा विष्णु मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर ग्रामीणों से भिक्षाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के तोलरा में 23 से 25 मई तक विष्णु मंदिर परिसर में भव्य वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर विष्णु मंदिर संचालन कमेटी तोलरा के ग्रामीणों के बीच भिक्षाटन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कमेटी अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, सचिव गोखुल तिवारी, कोषाध्यक्ष धनंजय तिवारी, संजय तिवारी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी ने समारोह के लिए तोलरा के सेवानिवृत रेंजर तुलसी तिवारी के हाथो 11,000 रुपये लेकर शुरुआत की। दानदाता तुलसी तिवारी मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभाये हैं। इसके लिए तोलरा के छठु तिवारी सम्मानित भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु जगत के पालनहार हैं।



### यात्री सुविधा को लेकर चलेगी रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन

**मेदिनीनगर।** यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु रांची- नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जायेगी। इसमें गाड़ी संख्या 02877/ 02878 रांची- नई दिल्ली - रांची समर स्पेशल ( मुरी- बरकाकाना- टोरी- लातेहार- डाल्टनगंज- गढ़वा रोड- जपला- सासाराम- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर के रास्ते) चलेगी। गाड़ी संख्या 02877 रांची- नई दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को खुलेगी।

## लचर बिजली आपूर्ति : कनीय विद्युत अभियंता से मिले परेशान उपभोक्ता

■ कार्यालय में शीघ्र तालाबंदी की दी चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड में लचर विद्युत आपूर्ति की को लेकर विद्युत उपभोक्ता का एक शिष्टमंडल भाजयुमो नेता राजीव रंजन के नेतृत्व में गुरुवार को छतरपुर विद्युत कार्यालय पहुंचा। जहां कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार से हरिहरगंज प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में लचर विद्युत आपूर्ति पर नाराजगी जतायी। राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत आपूर्ति से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं। विभाग की लापरवाही सेहरिहरगंज बिजली पावर सबस्टेशन को अत्यंत कम बिजली आपूर्ति की जाती है।



## एक संत के हाथ राम सौंपी : अरुणा शंकर


### प्रधानमंत्री ने अपनों को हर घर जाकर जय श्रीराम बोलने का काम सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को अयोध्या में श्री राम लला को विराजने के बाद पहली बार पलामू आगमन पर पूरे पलामू लोकसभा सनातनियों की ओर से अयोध्या से मंगाई गई प्रभु श्री राम की अष्टधातु द्वारा निर्मित मूर्ति तोहफे में सौंपा। भगवान श्री राम की मूर्ति को अपने हाथों में लेते हुए प्रधानमंत्री काफी भावुक नजर आये। इस अवसर पर पाटन विधायक पुष्पा देवी, मीरा पांडे, रूपा सिंह एवं कई महिला मंच पर उपस्थित थी। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि हम पलामू के सनातनियों के लिए यह गौरव का पल था जब मैंने एक संत के हाथ राम की मूर्ति सौंपी। माननीय प्रधानमंत्री ने अपने अभिभाषण में सभी अपनों को घर-घर जाकर जय श्री राम अपनी ओर से कहने को कहा।



पीएम मोदी को रामलला की मूर्ति सौंपतीं अरुणा शंकर।



## भाकपा माले ने शहीद जगदेव शर्मा का 24वां शहादत दिवस मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू)।** भाकपा माले पाटन प्रखंड कमेटी सचिव सह इंकलाबी नौजवान सभा पलामू जिला सचिव पवन विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक मिनट मौन के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि के साथ शहीद कॉमरेड जगदेव प्रसाद शर्मा का 24वां शहादात दिवस बरसैता में मनाया गया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहीद कॉमरेड जगदेव प्रसाद शर्मा पलामू के धरती पर सामंती ताकतों शोषण दमन अत्याचार के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गये। शहीद दिवस में शामिल सदस्यों ने शपथ लेते हुए कहा कि शर्मा जी की शहादत बेकार नहीं जायेगी। देश में पहली बार जुमलेबाज पीएम बना है जो देश की सरकारी संपत्ति को पूंजीपतियों के हवाले कर देश को गुलाम बनाने की साजिश कर रही है। जिसके खिलाफ बोलने आवाज उठाने वाले तमाम विपक्षी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल कर लोकतंत्र संविधान पर हमले हो रहे हैं। अभी वक्त है बदलाव का पलामू लोकसभा के जनता से हम अपील करते हैं कि देश के सभी शहीद क्रांतिकारी साथियों के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने के लिए इस बार भाजपा को उखाड़ फेंकें।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाकपा माले समर्थक।

स्पीड न्यूज

## ज्योति प्रकाश द्विवेदी भाजपा में हुए शामिल



**बोकारो।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष एवं दी सिटी सेंटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव ज्योति प्रकाश द्विवेदी ने कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा में शामिल हुए। मौजूदा जिला कमिटी में वे उपाध्यक्ष पद पर थे। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद सहित प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर अपने साथियों के साथ बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। धनबाद भाजपा प्रत्याशी सह विधायक ढुल्लू महतो एवं बोकारो विधायक बिरंची नारायण के द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नीति व सिद्धांत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी कार्यों से वह काफी प्रभावित हुए हैं। उनके साथ भाजपा का दामन थामने वालों में अनीत सिंह दांगी निकेश उपाध्याय बिनोद पांडेय मोनू कुमार प्रशांत द्विवेदी अनीश कुमार शंकर मरांडी मदन हांसदा आनंदलाल महतो सौरव रस्तोगी विपिन अग्रवाल उमेश सिंह रितेश सिंह अमरेंद्र कुमार आनंद सोरेन संजय कुमार आदि शामिल थे। संसदीय चुनाव के दौरान विभिन्न कारणों से दल बदल का सिलसिला जारी रहने की संभावना के बीच ऐसी भगदड़ और पार्टी का कुनबा समेटकर रखना एक बड़ी चुनौती से कम नहीं।

## सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होते हैं: आचार्य रूद्र कृष्ण



**बोकारो।** संडे बाजार दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में श्रीधाम वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य रूद्र कृष्ण महाराज ने राजा बलि की कथा श्रवण कराया जिसमें बावन अवतार का भी दर्शन कराया गया। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता पिता की बातें माननी चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता पिता ही होते हैं। जिनके ऊपर माता पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अनन्य विश्वास रखना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के एक एक शब्द अमृत के समान है। इस कथा में आकर्षक झांकी का भी आयोजन किया गया।

## मिथिला महिला समिति द्वारा ड्रिंक प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा सेक्टर 4 ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में ग्रीष्मकालीन पेय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों का स्वागत समिति की अध्यक्ष सीमा झा एवं सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी ने किया। उन्होंने आगामी 17 मई को मिथिला सांस्कृतिक परिषद व मिथिला महिला समिति द्वारा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में जानकी नवमी भव्यता पूर्वक मनाने के बारे में भी चर्चा की। समर ड्रिंक प्रतियोगिता में चंदा चौधरी को प्रथम मधुबाला झा को द्वितीय व गुड़िया झा को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। प्रेरणा ओझा चतुर्थ और रेणुका एवं बबीता झा पांचवें स्थान पर रहीं। अमिता झा नमिता झा भारती झा सुशीला रानी कुमकुम झा लीला सिंहा मधु ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता की जज इंदिरा झा सविता मिश्रा आभा झा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर किरण मिश्रा आशा झा डॉ मंजू झा पूनम झा आशा पाठक प्रतिभा झा सुशीला रानी आदि उपस्थित रहीं।

## जन संघर्ष मोर्चा ने लू से बचाव व उपचार पर किया प्रशिक्षण का आयोजन

**बोकारो।** चास के धर्मशाला मोड़ स्थित कार्यालय में जन संघर्ष मोर्चा के कार्यकताओं ने मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो की अध्यक्षता में लू से बचाव और उसके उपचार को लेकर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया जिसमें लू से बचाव और उसके उपचार को लेकर बताया गया कि भीषण गर्मी में लू लगने से बीमार होने के कई मामले सामने आते हैं जिससे कुछ सावधानियां बरत कर बचा जा सकता है। श्री महतो एवं अन्य वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को कहा कि लू लगने के लक्षणों में जोर का प्यास लगना शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होना जी मिचलाना चक्कर आना अधिक पसीना आना सिर में भारीपन लगना तथा रक्त चाप का कम होना शामिल है। इसके उपचार के लिए मरीज को तत्काल पंखे के नीचे या छायेदार स्थान पर लिटाना चाहिए ढ़ीला कपड़ा पहनना चाहिए शरीर को गीले कपड़े से पोछकर नींबू का पानी नमक के साथ मिलाकर पिलाना चाहिए साथ ही हल्की मालिश करनी चाहिए। मौके पर मोर्चा के अनेक कार्यकर्त्ता ग्रामीण एवं स्थानीय उपस्थित रहे।

## अभाविप ने ग्रामीणों के बीच चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



मतदाता जागरूकता अभियान चलाते अभाविप।

**दुमका।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद नगर इकाई ने शनिवार को सदर प्रखंड के दिग्घी गांव के ग्रामीणों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमे मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे ने कहा कि हमारा एक मत जिले के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके लिए सभी से अनुरोध किया कि मतदाता किसी भी प्रत्याशी अथवा दल के प्रलोभन में नहीं आकर मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान करें। मतदान करना नैतिक कर्तव्य व राष्ट्र धर्म बताया है। जिसका निर्वहन करने के लिए सभी को आगे आने का अपील किया। उन्होंने 1 जून को मौसम कैसा भी रहे। इसकी परवाह किए बगैर बूथ पर कतारबद्ध होकर तब तक डटे रहने और अपने मताधिकारी का प्रयोग करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। इसको बढ़ाने में अभाविप का अहम् भूमिका रहेगा। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करने का आह्वान किया। मुख्य रूप से सुमित ओझा , राजेश पिंटू पिंटू, मनीष कुमार, शिव शंकर, राहुल,अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय के टॉप 10 होने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित

# छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित





**विद्यालय में टॉप 10 की सूची हासिल करने वाली छात्रा**

| नाम | अंक |
|---|---|
| सुमन कुमारी | 470 |
| अंलका रानी | 461 |
| अंजली कुमारी | 460 |
| सुप्रिया राज | 460 |
| रानी कुमारी | 455 |
| अंबिका कुमारी | 451 |
| शांति टुडू | 450 |
| सुमन दत्ता | 444 |
| रिचा कुमारी | 443 |
| एलिजाबेथ सोरेन | 441 |
| प्रियंका कुमारी | 441 |
| अनोखी मरांडी | 440 |

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय, दुधानी में शनिवार को बेहतर करने वाले छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुई। सम्मान समारोह में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। छात्राओं को मुख्य अतिथि फादर पियुष ने मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फादर पियूष ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संत तेरेसा विद्यालय अपने परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। उन्होंने बेहतर परिणाम लाने वाले छात्राओं की



उज्जवल भविष्य का शुभकामनाएं देते हुए अन्य छात्राओं को सबक लेकर बेहतर करने को प्रोत्साहित किया। सम्मान समारोह का शुरूआत छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गान से की। इस अवसर पर छात्राओं ने परांपरिक एवं अन्य परिधानों में नृत्य-संगीत एवं नाटक प्रस्तुत की। समारोह में विद्यालय में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाली छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक बादलमय झा ने किया। सम्मान समारोह में विद्यालय सचिव सिस्टर फिलोमिना, प्रधानाध्यापिका सिस्टर मेरी तेरेसा, शिक्षकों में प्रभा तिर्की, आभा कुजूर, एमी सुसाना, मन्ना लकड़ा, विक्टोरिया, जय प्रकाश महतो, जोसलीन, सुनीता, ज्योत्सना, श्यामाकांत आदि उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट में हितधारकों और बिडर्स के शिखर सम्मेलन का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड विस्तारीकरण के लिए प्रमुख हितधारकों और बिडर्स के शिखर सम्मेलन का आयोजन एचआरडी के मेन ऑडिटोरियम में किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ सीजीएम अनिमा कुशवाहा के स्वागत भाषण तथा ईडी परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन के द्वारा सहयोगात्मक सफलता की ओर विषय के अंतर्गत साझा की गई अंतर्दृष्टि के साथ शिखर सम्मेलन को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। ईडी कोलियरीज अनूप कुमार ईडी परियोजनाएं भिलाई स्टील एस मुखोपाध्याय ईडी माइंस ओजीओएम आलोक वर्मा ईडी सीईटी एसके वर्मा ईडी पी एंड ए राउरकेला स्टील तरुण मिश्रा तथा ईडी एसआरयू पीके रथ शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में बीएसएल के जीएम ब्राउनफील्ड विस्तार नरेश कुमार बेहरा तथा मेसर्स एमएन दस्तूर के प्रतिनिधि के द्वारा कच्चे माल से स्टील बनाने और डायरेक्ट रोलिंग जैसे प्रमुख विषयों पर डीपीआर का प्रस्तुतीकरण किया गया। सीजीएम पीएच शर्मा जीएम एसपी दास तथा सीजीएम सेल निगमित कार्यालय एमटी राव ने पैनल चचाओं में अपना अहम योगदान किया। बीएसएल के विस्तार के लक्ष्य में 4500 मीटर क्यूब का ब्लास्ट फर्नेस 165 टन कैपेसिटी का दो बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस सिंगल स्टैंड का स्लैब कॉस्टर तथा डायरेक्ट रोलिंग जैसी प्रमुख इकाइयां स्थापित करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त कच्चे माल के भंडारण और हैंडलिंग की सुविधाओं में वृद्धि तथा इसकी सहायक प्रणाली का विस्तारीकरण करके कुशल परियोजना निष्पादन की योजना है। कार्यक्रम के समापन सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के डीआई बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सेल बोकारो सहित देश की अन्य इस्पात कंपनियां भी अपनी क्षमता विस्तार की प्रक्रिया में है जो देश की भविष्य की मांग के अनुरूप है।

## एसकेएमयू के वर्ष 2019 हुए सहायक व्याख्याता नियुक्ति घोटाला में अदालत ने दी चेतावनी, भरना पड़ सकता है जुमार्ना

**चार सप्ताह के अंदर जबाब दाखिल नहीं करने पर एसकेएमयू को 5 हजार जुमार्ना की अदालत ने दी चेतावनी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में वर्ष 2019 हुए सहायक व्याख्याता नियुक्ति घोटाला मामले में न्यायालय ने कुलपति पर 5 हजार रुपए जुमार्ना हो सकता है। जुमार्ना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेश शंकर की अदालत ने अनुसाशनहीनता के मामले में चेतावनी दी है।

न्यायालय पीड़ित राजेश कुमार दास के दर्ज प्राथमिकी पर एसकेएमयू प्रशासन को चेतावनी दी है। पीड़ित के अनुसार वर्ष 2019 में हुए सहायक व्याख्याता नियुक्ति मामले में आरक्षण रोस्टर को नजर अंदाज करते हुए तत्कालीन कुलपति डॉ मनोरंजन प्रसाद सिन्हा और कुलसचिव गौरव गांगुली समेत विश्वविद्यालय प्रशासन के मिलीभगत से धांधली का आरोप लगा था।

जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के रिक्त पदों पर सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों को नियुक्ति का मनमाने तरीके के करने का आरोप लगा था। बाद में मामला उजागर हुआ और राजभवन, यूजीसी, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार तक पहुंचा।

इतना ही नहीं न्याय नहीं मिलता देख पीड़ित द्वारा बाध्य होकर उच्च न्यायालय में वाद दायर किया। गौरतलब हो कि मामले के सुनवाई के दौरान एसकेएमयू प्रशासन ने मामले को लेकर 4 वर्षों में कोई भी जवाब न्यायालय में दाखिल नहीं किया। जबकी इसी बीच दो कुलपति ने अपना कार्यकाल पूरा किया। लेकिन किसी ने भी इसपर ध्यान नहीं दिया।

इस दौरान 2 मई 24 को पीड़ित डॉ राजेश कुमार दास के दर्ज वाद उच्च न्यायालय की अदालत ने सुनवाई के दौरान न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कुलपति के खिलाफ 5 हजार रुपए का जुमार्ना की चेतावनी दिया। न्यायालय ने 4 सप्ताह के अंदर जबाब दाखिल करने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश विश्वविद्यालय को रिसीव करा दिया गया है। विदित हो कि नियुक्ति घोटाले में पूर्व में भी विश्वविद्यालय के कुलपति, डीएसडब्ल्यू सहित कई पदाधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कानूनी कार्रवाई की है। जिसको लेकर कुछ पदाधिकारी जेल भी जा चुके हैं। इसके बावजूद भी पुनः नियुक्ति प्रक्रिया में धांधली जांच का विषय है। अदालत द्वारा जुमार्ना नहीं किया गया है।

अदालत ने चार सप्ताह के अंदर जवाब नहीं देने के स्थिति में 5 हजार रुपए जुमार्ना की राशि निर्धारित करने की चेतावनी दी है। मामले को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर है, निर्धारित समय के अंदर न्यायालय को जबाब दाखिल करा दिया जायेगा।

## जारंगडीह दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित 67 व श्री रामचरितमानस नवाहयन महायज्ञ के पांचवें दिन राम कथा सुनाने अयोध्या से पहुचे धर्म गुरु

**जारंगडीह वासियों ने देर रात्रि तक सुने रामकथा, बाबा का लोगो ने किया स्वागत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जारंगडीह।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित 67 वां श्री श्री रामचरित मानस नवाहयन महायज्ञ के पांचवें दिन अयोध्या से यहां पहुचे धर्म गुरु सह रामकथा वाचक आचार्य बाबा बाल हर्षिका किशोरी जी महाराज ने बीते रात्री जारंगडीह वासियों को रामकथा सुनाकर धर्मविभोर कर दिया और श्रृद्धालुओ ने भी देर रात तक रामकथा सुनने में मग्न दिखे। कथा आरंभ होने से पुर्व वेद मंत्रोच्चारण के की ध्वनि से पुरा वातावरण धर्ममय हो गया। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के पदाधिकारियों और स्थानीय धर्म प्रेमियो ने बाबा का माला पहनाकर आशिर्वाद लिए। इस यह मे बीते रात्रि गिरिडीह लोक सभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह भी अपने समर्थकों के साथ पहुची माथा टेका और बाबा से जीत का आशिर्वाद लिया। आयोजित यज्ञ की शुरूआत 29 अप्रैल कलश यात्रा के साथ हुई और निरंतर जारी है। हर रात्री विभिन्न जगहों से पधारे धर्म गुरु रामकथा सुना लोगो के ज्ञान वर्धन कर रहे हैं इसी कड़ी में यज्ञ के पांचवें दिन अयोध्या से पधारे बाबा आचार्य बाल हर्षिका जी महाराज ने लोगो को श्री राम की कथा सुनाई और लोगों को श्री राम जी के बताये पद चिन्हों पर चलने की बाते कही। जबकि यज्ञ की पुरी विधि व्यवस्था का ध्यनसा यज्ञ कमेटी के पदाधिकारीगण और और स्थानीय युवाओं ने स्वयं संभाल रखी है। कथा सुनने और परिक्रमा करने वाले श्रृद्धालुओ की भीषण गर्मी के बाद भी तांता यज्ञ स्थल पर लगा रहता है। हालांकि यज्ञ कमेटी द्वारा यज्ञ स्थल के समीप शितल जलपान की विशेष व्यवस्था की गई है और यह व्यवस्था कलश यात्रा के साथ ही शुरू हो गई थी। इस यज्ञ में स्थानीय धर्म गुरु सह पुरोहित कपिल देव पांडेय के अलावे श्री मधुरेश जी महाराज के द्वारा श्री रामचरित्र मानस का पाठ भी प्रारंभ हुआ। इस पुरे धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने का दायित्व यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन, खान प्रबंधक बाल गोविंद नायक सचिव बसंत ओझा कोषाध्यक्ष योगेंद्र सोनार, नेमचंद मंडल नंदकिशोर पंडित, रामदास केवट, लखन चौहान, मदनलाल वैद्य, अशोक घांसी आदि ने संभाल रखी है।

## रामगढ़ में चार लड़कों ने किया युवती का बलात्कार, वीडियो किया वायरल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में चार नाबालिग लड़कों ने एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया। उन लड़कों की मानसिक कुंठा वहीं खत्म नहीं हुई। उन लोगों ने पहले लड़की को धमकी दी और फिर बाद में उसका सेक्स वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पूरे जिले में सनसनी फैल गई। मामला जैसे ही थाने पहुंचा रामगढ़ पुलिस भी सक्रिय हुई। आनन-फानन में छापेमारी शुरू हुई। पुलिस ने उन चारों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है, जो उस वीडियो में नजर आ रहे थे और जिन लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल किया था।

**बलात्कार की पीड़िता को मिली थी धमकी:** बलात्कार की पीड़िता 18 वषीर्या युवती ने पुलिस को बताया कि बलात्कार करने वाले लड़कों ने उसे धमकी दी थी। पहले तो उसके साथ जबरन बलात्कार किया गया। फिर उसका सेक्स वीडियो भी उन लोगों ने बनाया। बाद में कहा कि अगर वह अपने घर में इस वारदात की जानकारी देगी तो सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। इस डर से उसने अपने घर में 21 अप्रैल 2024 की दोपहर को हुई इस वारदात की जानकारी नहीं दी थी।

**क्या है पूरा मामला:** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल 2024 की दोपहर 11:30 बजे वह अपने घर से निकली थी। सिरका अरगड्डा डंपिंग यार्ड के पास चारों लड़कों ने उसे मिले और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे जबरन झाड़ी की तरफ ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।

# दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय आपदा जोखिम को कम करने व जलवायु परिवर्तन में युवाओं को शामिल करने को लेकर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में आपदा जोखिम को कम करने और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल करने पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन समारोह।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान और ठरर इकाई, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के सहयोग से आयोजित, कार्यक्रम 29 अप्रैल से 3 मई, 2024 तक निर्धारित थी। इसका उद्देश्य प्रशिक्षकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है ताकि आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के प्रयासों में युवाओं और किशोरों को शामिल किया जा सके। कार्यक्रम का समापन समारोह सत्र आज आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, विशेषज्ञों और हितधारकों के बड़े उत्साह और भागीदारी के साथ समाप्त हुआ। सत्र की शुरूआत सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों को पेड़ देकर के साथ हुई, जो प्रकृति पर्यावरण ज्ञान और सशक्तिकरण का प्रतीक है जिसे कार्यक्रम आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील समुदायों तक पहुंचाना चाहता है। इसके बाद प्रोफेसर आतिश पाराशर द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया एवम् आपदा जोखिम में कमी और जलवायु अनुकूलन प्रयासों में युवाओं को शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. कुमार राका ने एनआईडीएम की भूमिका और कार्यक्रम के उद्देश्यों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। उन्होंने युवाओं और किशोरों के बीच सेतु बनाने के महत्व और आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया में ठोस प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतिभागी डॉ रणजीत कुमार सिंह प्राचार्य ने फीडबैक व्याख्यान और सुझाव में कहा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एनएसएस के विशेष शिविर में शामिल होना चाहिए साथ ही गोद लिए गांव को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षित आदर्श विलेज बनाए हम। सभी स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र खुलना चाहिए साथ ही जिले में गंगा किनारे गांव को लोगों तैराकी सीखना चाहिए साथ ही अपने व्यापक अनुभव व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने सामुदायिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया और प्रभावी आपदा जोखिम में कमी के उपायों के प्रभाव को स्पष्ट करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरण साझा किए।

सीयूएसबी के माननीय कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने विविध भौगोलिक क्षेत्रों और भारत में आपदा के खतरों पर प्रकाश डालते हुए एक विचारोत्तेजक अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया में आत्मनिर्भरता का आग्रह किया। उद्घाटन सत्र का समापन करते हुए, सीयूएसबी में छात्र कल्याण के डीन प्रो पवन मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और आयोजकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम के परिणामों के बारे में आशावाद व्यक्त किया और आपदा और जलवायु अनुकूलन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए सीयूएसबी की प्रतिबद्धता दोहराई। आपदा जोखिम को कम करने और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं और किशोरों को शामिल करने पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण एक परिवर्तनकारी पहल होने का वादा करता है, जो प्रशिक्षकों को अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए ज्ञान, कौशल और संसाधनों के साथ सशक्त बनाता है। जैसे-जैसे कार्यशाला आगे बढ़ेगी, प्रतिभागी इंटरैक्टिव सत्र, व्यावहारिक अभ्यास और सहयोगी चचाओं में संलग्न होंगे, जिसका उद्देश्य समुदायों के निर्माण में युवाओं और किशोरों को प्रभावी ढंग से संलग्न करने की उनकी क्षमता को बढ़ाना है। अंतिम में डॉ रणजीत कुमार सिंह के द्वारा दिए गए सुझाव को कुलपति और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधिकारी के द्वारा जल्द ही पूरे देश लागू होने की बात कही।

साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज से प्रो कुमार प्रशांत एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी भाग लिया।

## समय संवाद

कमोबेश यह स्थिति पर्वतीय व मैदानी इलाकों में समान रूप से देखी जाती है। सारे देश को सींचने वाली नदियां देने वाले पहाड़ों के लोग यदि प्यासे रहें तो इससे बड़ी विडंबना कोई और नहीं है। नीति-नियंताओं की विफलता के चलते ही कहा जाता है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती। पानी नदियों में बह जाता है और जवानी रोजगार की तलाश में मैदानों में उतर जाती है। बहरहाल, ऐसी ही समस्या से विकासशील हरियाणा के कई जनपद भी जूझ रहे हैं। तीन तरफ से देश की राजधानी से लगे हरियाणा के राष्ट्रीय राजधानी वाले क्षेत्र में विकास की गगनचुंबी इमारतें तरक्की की नई इबारत लिख रही हैं।

# पानी की कमी और हमारी अधूरी तैयारी



**रविरंजन**



**सवाल** यह है कि जब पता है कि हर साल गर्मियों में पानी का संकट पैदा होने वाला है तो पहले से तैयारी क्यों नहीं की जाती? आखिर हमारे प्रशासक आग लगने पर कुंआ खोदने की आदत से कब मुक्त होंगे? ह्यहर घर नल से जलह्ल का नारा तब खोखला नजर आता है जब महिलाओं को गर्मी व सूरज की तपिश में पानी के लिये जाते देखते हैं। आखिर क्यों बहू-बेटियों की ऊर्जा आज 21वीं सदी में भी पानी ढोने में खर्च होती है? फिर वे कितना पानी इन मटकों-बाल्टियों में ला पायेंगी? पलवल समेत हरियाणा के कई जिलों में खारा पानी होने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। कुदरत की कहानी अपनी जगह है मगर हम क्यों मीठा पानी इन इलाकों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जबकि हरियाणा जैसे समृद्ध राज्य में पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकताओं में होनी चाहिए।

सरकारें कैसे कार्य करती हैं उसकी कहानी पलवल जिले के हथीन में चार सौ पच्चीस करोड़ की लागत से बनने वाली ह्यराजीव गांधी जल संवर्धन योजना के रूप में सामने आती है। वर्ष 2004 में इस योजना की आधारशिला एक राजनीतिक दल की सरकार ने रखी। चार साल बाद दूसरे राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व ने अगले चरण का शुभारंभ किया। दरअसल, इस योजना का मकसद पलवल और मेवात इलाके के गांवों के लोगों का पेयजल संकट दूर करना था। विडंबना देखिये कि डेढ़ दशक से अधिक समय गुजरने के बावजूद महत्वाकांक्षी योजना सिरे नहीं चढ़ सकी है। इस योजना से लाभान्वित होने वाले पलवल, नूंह व हथीन के सैकड़ों लक्षित गांव आज भी प्यासे हैं। तमाम प्रचार के बावजूद परिणाम वही ढाक के तीन पात, जो बताता है कि हमारा शासन-प्रशासन पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर कितना संवेदनहीन है। हर चुनाव में नये मुद्दे, नये सपने, नये वायदे, और परिणाम जस के तस।

जो हमारे लोकतंत्र में लोकलुभावनी घोषणाओं और उनके क्रियान्वयन के बड़े अंतर को दशार्ता है। निस्संदेह, इन तमाम मुद्दों पर जनता को जागरूक होकर लोकलुभावनी घोषणाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगने की स्वस्थ परंपरा की शुरूआत करनी होगी।लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारे नीति-नियंता विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इलाकों में घर-घर पानी पहुंचाने में कामयाब रहे हैं? आखिर क्यों आजादी के अमृत महोत्सव काल में लोग अमृत तो दूर, पानी को भी तरस रहे हैं। सवाल ये है कि इसके कई इलाके आजादी के सात दशक बाद भी पानी के संकट से क्यों जूझ रहे हैं? क्यों बहू-बेटियों को सुबह -शाम पानी के मटकों को लाने-ले जाने में अपना जीवन खपाना पड़ता है? जिस समय का उपयोग उन्हें अपने व परिवार को संवारने में करना था, उसे वे पानी ढोने में गुजारती हैं। कैसी विडंबना है कि मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता पानी भी सत्ताधीश अपनी जनता को उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। चुनाव में आसमान से चांद-तारे तोड़ लाने के वायदे करने वाले राजनेता पानी जैसी प्रारंभिक जरूरत पूरी करने में नाकाम रहते हैं। यह स्वाभाविक है कि गर्मियों में यह संकट गहरा हो जाता है। तमाम जल स्त्रोतों का संकुचन होता है। विद्युत आपूर्ति बाधित होती है जिसके चलते पेयजल संकट और गहरा जाता है।

# धर्म संघर्ष नहीं सीखता

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**विश्ववामित्र** को विशिष्ठ जी ने ही अयोध्या भेजा। राम को बक्सर लाने के लिए विशिष्ठ ने ही विश्ववामित्र को कहा कि आप अयोध्या जाये और राक्षसों, दानवों को पृथ्वी से समाप्त करें। यही कारण है कि जब विश्ववामित्र ने राजा दशरथ से राम को वन ले जाने की बात कही तब गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को समझाया कि राम को जाने दें। रावण का साम्राज्य बक्सर तक आ चुका था और ताड़िका वहीं के जंगलों में रहती थी। गुरु वशिष्ठ के कहने पर ही राम का वन गमन हुआ। इस क्रम में रावण वध सहित सभी घटनाएं घटित हुई। विश्ववामित्र गुरु वशिष्ठ की बातों का अनुकरण करते रहे। राम ने रावण के वध के बाद कहा कि जो हुआ वह गुरु कृपा से ही हुआ है जबकि सभी देवता राम पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। राम को मालूम था कि गुरु वशिष्ठ के आज्ञा को मानना ही उनके अवतार लेने का अर्थ मात्र है। गुरु में श्रद्धा का अर्थ है कि उनके सबसे निकटतम को पकड़ना उसका संग करना, उसके अनुसार काम करना। वशिष्ठ को मालूम था कि रामवातार होगा और उनके माध्यम से धर्म की स्थापना होगी। सबरी और अहिल्या का भी उद्धार होगा।

कोई भी धर्म के लिए संघर्ष नहीं करता है। कोई राम, कृष्ण, यीसू, अल्लाह के लिए नहीं लड़ रहा है। लोग नासमझी में लड़ते हैं दंगा करते हैं। इस प्रकार के हिंसा का इतिहास आजादी की लड़ाई के क्रम में उपजा है। किसी भी धर्म में घृणा का कोई स्थान नहीं है। आज कर्मकांड विज्ञान के विकास के साथ ही कम होता जा रहा है। आने वाले दिनों में भक्ति का प्रचार और तेज होगा। साधन का उपयोग होगा। भक्ति सीखना हो या भक्ति समझना हो तो सीता और राधा से समझी जा सकती है। अगर भक्ति पैदा करना हो तो हनुमान जी से अच्छा उदाहरण नहीं है। आज बड़ी संख्या में संत और महात्मा भक्ति का प्रचार-प्रसार अपने विचार,पंथ के अनुसार कर रहे हैं। भक्ति सभी बढ़ा रहे हैं। स्वार्थ के लिए की गयी भक्ति और प्रीत से भी कल्याण होता है। हमारे सदगुरु स्वामी शिवधर्मानंद जी परमहंस बक्सर के राजपुर आये। जब गढ़वा घाट से उन्हें छोटका राजपुर आने का आदेश हुआ तो उन्होंने गांव के गांव लोगों को भक्ति से जोड़ा। वे सभी से जुड़े और भक्ति का प्रसार किया। ^^स्वारथ लागि करहीं सब प्रीति**। तुलसी दास ने भी लिखा है कि अपने सुख के लिए मैं रामचरित मानस की रचना कर रहा हूं।

मानव का शरीर एक पात्र जैसा ही है। इसे गढ़ने वाली माताओं के प्रति आदर का भाव और अधिकार दोनों को समझने की आवश्यकता है। गिलास कोई भी है उसका महत्व है। उसके बगैर जल या दूध कोई भी न तो आकार ले सकता है और न ही आप उसका उपयोग कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में भक्ति परम्परा में महिलाओं के त्याग और समर्पण को सबसे उपर रखा गया है। सीता और राधा उसके उदाहरण मात्र है। आज भी महिला अपना सब कुछ त्याग कर पति के घर आ जाती है और पूरा जीवन समर्पित कर देती है। सभी को एक संतोष का भाव होना चाहिए जो उसे मालिक बनाता है। संसाधनों की कमी पर बात करना नौकर का लक्षण है। संसाधन कभी पूरा हो ही नहीं सकता इसलिए जो है उसमें संतोष करना चाहिए। एक स्त्री के जीवन से यह सीखा जा सकता है। आज के दौर में लोग सिर्फ इसलिए दुखी हैं क्योंकि उन्हें अधिक से अधिक भौतिक सामग्री की चिंता है। आपने जो भी संसाधन जमा किया या प्राप्त किया वह अन्ततः नाशवान है या नहीं। इस दिशा में सोच होना चाहिए। संसाधन जुटायें लेकिन उसके लिए बैचेन रहना जीने का सही ढंग नहीं है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ रांची)

# हनुमान चालीसा की रचना

**जीवीएस शास्त्री**

बात 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ।

बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया। जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं। अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

# अदरख में अनोखे गुण



आमतौर पर हम अदरक का प्रयोग खाना बनाने या चाय आदि में करते हैं। बहुत ही स्ट्रॉन्ग स्मेल वाला यह अदरक दरअसल एक खास पौधे का जड़ होता है। इसका इस्तेमाल शरीर में सूजन को कम करने, पाचन तंत्र को ठीक रखने और भूख बढ़ाने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में इसका प्रयोग खांसी और सर्दी ठीक करने के लिए भी किया जाता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और पाचन ठीक रहता है। कई लोग इसे वजन कम करने के लिए भी प्रयोग में लाते हैं. हेल्थलाइन के मुताबिक, वजन कम करने का वैसे तो इसमें कोई स्पेशल गुण नहीं होता लेकिन आप अगर इसे कुछ खास चीजों के साथ प्रयोग में लाएं तो यह वजन तेजी से कम कर सकता है। ऐसे में अगर आप भी वजन कम करने की सोच रहे हैं तो जानिए इसका इस्तेमाल आपको कैसे करना चाहिए।

शोध के मुताबिक, जो लोग रोज अदरक का सेवन करते हैं उनका पेट लंबे समय तक भरा रहता है जिससे उन्हें भूख कम लगती है। इसमें मौजूद तत्व ब्लड शुगर लेवल को भी स्थिर बनाए रखता है। एक अन्य शोध में पाया गया कि अदरक वजन घटाने और पेट की चर्बी को कम करने में सहायक है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट मोटापा की बड़ी वजह स्ट्रेस को कम करने में काफी फायदेमंद साबित होता है। यह फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को भी हील करता है जिससे मोटापे में कमी आ सकती है।

वजन कम करना हो तो आप नींबू के साथ अदरक का सेवन करें. एक ग्लास पानी में अदरक को उबालें और इसमें नींबू की कुछ बूंदे डालकर पिएं. वजन तेजी से कम होगा। जिंजर टी या जिंजर ड्रिंक के रूप में भी आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल एप्पल साइडर विनेगर में वेट लूज करने के कई गुण हैं। ऐसे में जब आप अदरक के साथ इसका उपयोग करेंगे तो आपका वजन तेजी से घटेगा।

ग्रीन टी के साथ अदरक का प्रयोग करें। ग्रीन टी में वजन कम करने के तत्व पाए जाते हैं। इन दोनों के साथ प्रयोग से आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर तरीके से काम करेगा और आप ओवर इटिंग से बचेंगे।

# पक्षियों के गुस्से-प्यार के इजहार

**के.पी. सिन्हा**

**इंसान** के साथ रहने वाले पालतू पशुओं की तरह कई पक्षी भी इंसानों से अपनी भावनाएं बांटना सीख जाते हैं, विशेषकर तोतों में यह खूबी देखी गई है। अगर आपने अपने पालतू तोते को कई घंटे तक कुछ खाने को नहीं दिया, तो वह गुस्से में आवाजें निकाल सकता है। पिंजरे में लगातार चोंच मार सकता है या कुछ भी ऐसी हरकत करेगा, जिससे जाहिर हो सके कि वह आपसे गुस्सा है। हालांकि जैसे इंसान हमेशा गुस्से में नहीं रह सकता, वैसे ही ऐसे पक्षी जो गुस्सा होना जानते हैं, वो भी हमेशा गुस्से में नहीं रहते। इंसानों की तरह ही इनमें कभी गुस्सा, कभी चिड़चिड़ापन, कभी अनमनापन जैसे हावभाव भी देखने को मिलते हैं। हालांकि पक्षियों के अनमनेपन को पकड़ना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन उनकी खुशी और उनके गुस्से को पहचानना आसान होता है। जब पक्षी खूब खुश होते हैं, उन्हें अच्छा लग रहा होता है, तब वे आपके इर्दगिर्द बहुत तेजी से उड़ते हैं। खूब आवाजें करते हैं।

जब उन्हें बहुत गुस्सा आ रहा होता है तो भी कुछ पक्षी खासकर तोता आदि तेज-तेज आवाजें निकालते हैं, देर तक चोंचें खुले रखते हैं और लगता है आपको कुछ समझाने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं इंसानों की तरह रूठे हुए पक्षी यह भी उम्मीद करते हैं कि आप उन्हें मनाएंगे। पक्षियों में इस तरह के स्वाभाविक हावभाव हों भी क्यों न, जब वो अपने रहने के लिए घोसला बनाते हैं, अपने बच्चों की सही से परवरिश करते हैं और इंसानों की ही तरह कुछ भी करके अपने बच्चों के लिए भोजन ढूंढ़कर लाते हैं। खुशी में गाते हैं या कहिए चहचहाते हैं। समूह में मिलकर उड़ान भरते हैं, आवाजें निकालते हैं और दूसरे पक्षियों के साथ इंट्रैक्ट करते हैं। जब पक्षियों में इस कदर की समझदारी और भावनाएं हमें दिखाई पड़ती हैं, तो भला उनका रूठना या गुस्सा होना आश्चर्यजनक कैसे हो सकता है?

जैसे छोटे बच्चे गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं, ठीक वैसे ही पक्षी भी गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं। हालांकि पक्षियों में इंसानों की तरह सार्वभौमिक व्यवहार मजबूत नहीं होता। पक्षी अपनी पसंदीदा जगह, पसंदीदा घोसला, पसंदीदा वातावरण और पसंदीदा व्यक्ति के साथ अलग किस्म का बर्ताव करते हैं और बाकी भिन्न जगहों और लोगों के साथ अलग व्यवहार करते हैं। अगर आप किसी पालतू पक्षी को काफी देर तक पिंजरे में बंद रखते हैं, उसकी खोज खबर नहीं लेते, तो भी वह नाराज हो जाता है। जब पक्षी गुस्से में होते हैं तो वह अपना अधिकांश समय अकेला बिताते हैं। इस दौरान तनावग्रस्त रहने के चलते आमतौर पर वे निष्क्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसे पक्षी गुस्से में शांत बैठ जाते हैं और कई कई दिनों तक भी शांत बैठे रह सकते हैं। इसलिए जब पक्षी गुस्सा होते हैं तो एकांत में दुबकना पसंद करते हैं।

# साइबर धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत करें पैसा होगा वापस



**मृत्युंजय प्रसाद**



**साइबर** धोखाधड़ी के कारण आर्थिक नुकसान रोकने और डिजिटल भुगतान के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस तरह की धोखाधड़ी का पता लगाने और जांच करने के लिए एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-155260 शुरू किया है।

इस पहल के तहत ऐसे अपराध रोकने या उन्हें हल करने के लिए राज्य पुलिस और बैंक पहली बार समन्वय के साथ काम करेंगे। यह हेल्पलाइन और इसका रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सभी प्रमुख बैंकों, भुगतान बैंकों, वॉलेट और ऑनलाइन व्यापारियों के समर्थन से भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) द्वारा शुरू किया गया है। इसमें शामिल होने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण बैंक हैं-भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, येस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक। पेटीएम, फोनपे, मोबिक्विक, फ्लिपकार्ट और एमेजॉन जैसे सभी प्रमुख वॉलेट और मर्चेंट भी इससे जुड़े हुए हैं। नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली कहा जाने वाला यह प्लेटफॉर्म फिलहाल सात राज्यों (छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में सक्रिय है। देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी इसके दायरे में आती है। अंततः इसे अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी शुरू किया जाएगा।

इस साल अप्रैल में अपनी सीमित शुरूआत के बाद से हेल्पलाइन 155260 धोखेबाजी करने वालों के हाथों में 1.85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जाने से रोकने में सफल रही है। दिल्ली और राजस्थान ने क्रमशः 58 लाख और 53 लाख रुपये वापस पाए हैं। साइबर सुरक्षा मामलों के वकील प्रशांत माली कहते हैं, 'इस प्रयास के परिणाम सामने आ सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वित्तीय धोखाधड़ी के मसले हल करने के लिए पहली दफा कोई केंद्रीकृत दृष्टिकोण तैयार किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सतर्क रहना होगा और वे शिकायतों में ज्यादा देरी नहीं कर सकते हैं।

इस व्यवस्था की कारगरता के लिए उपयोगकताओं को भी सतर्क रहने की आवश्यकता होगी और किसी संदिग्ध लेनदेन की जानकारी के साथ उन्हें तुरंत हेल्पलाइन पर कॉल करना होगा, ताकि पैसे पर तत्काल नजर रखी जा सके। अगर पैसा दूसरे बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है, तो उस बैंक को सावधान किया जा सकता है और पास वापस स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि अगर पैसा सही मालिक को वापस स्थानांतरित किए जाने से पहले धोखेबाजी करने वाला व्यक्ति पैसा निकालने में सफल हो जाता है, तो यह मामला पुलिस के पास ले जाना होगा। एमएचए के बयान में इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है 'ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में धोखाधड़ी सेपैसे के नुकसान को उसकी निगरानी करते हुए और धोखेबाज द्वारा पैसे को डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र से बाहर निकाले जाने से पहले इसके आगे प्रवाह को बंद करते हुए रोका जा सकता है।' वरिष्ठ वकील और साइबर कानून विशेषज्ञ पवन दुग्गल कहते हैं कि कोई हेल्पलाइन मदद के लिए होती है। यह वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की आवश्यकता को समाप्त नहीं करती है। एक प्रायोगिक परियोजना में सरकार ने लोगों को सक्रिय रूप से आगे आने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक पोर्टल निर्मित किया था। लेकिन हमने पाया कि लोग केवल पैसे वापस दिलाए जाने में ही दिलचस्पी रखते हैं, ऐसी घटनाओं को रोकने में नहीं। ऐसा किए जाने के लिए लोगों को अपराध की सूचना भी देनी होगी। अलबत्ता दुग्गल मानते हैं कि यह हेल्पलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली में संपर्क के पहले बिंदु के रूप में प्रभावी होगी।

जुलाई 2017 की आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार अगर बैंक के किसी खाताधारक का पैसा धोखे से निकाला जाता है और वह व्यक्ति अपराध के 72 घंटे के भीतर इस घटना की सूचना देता है, तो बैंक को वह पूरी राशि उस खाताधारक को 10 कार्य दिवस के भीतर देनी होगी। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बैंक नेटवर्क से पैसा निकलवाया जाता है, तो यह हेल्पलाइन इस प्रक्रिया में तेजी लाएगी। दुग्गल कहते हैं कि ज्यादातर मामलों में खाताधारक बैंक को धोखाधड़ी की सूचना देने के बावजूद पैसा वापस पाने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। यह

# मां ईश्वर है, सबसे बड़ा रिश्ता है मां और संतान का



**डॉ रेणु सिंह**

मां और बच्चे का रिश्ता दुनिया में सबसे अहम और अनमोल होता है। मां से रिश्ता होने के बाद ही एक बच्चा बड़ा होने तक अपने जीवन में कई और रिश्तों को अपना सकता है। मां की ममता और प्यार हर इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है। मां बच्चे की इस जरूरत को बिना किसी स्वार्थ के पूरा करती है। वैसे तो मां अपने बच्चे पर अपना पूरा जीवन कुर्बान कर देतीं हैं। बच्चे की खुशी में खुश और तकलीफों में दर्द बांटती है। ऐसे में बच्चे अपनी मां के लिए कुछ खास करना चाहते हैं।

यह बताने की कोशिश करते हैं कि उनके जीवन में मां की क्या भूमिका है और वह भी मां से प्यार करते हैं। मदर्स डे भारत में ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में भी धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि मदर्स डे मई माह के दूसरे रविवार को ही क्यों मनाया जाता है? मदर्स डे मनाने की शुरूआत कब से और क्यों हुई? चलिए जानते हैं मदर्स डे का इतिहास, महत्व और इस खास दिन से जुड़ी कहानी।



### मदर्स डे कब मनाया जाता है?

मदर्स डे दुनिया भर में मई महीने के दूसरे रविवार के दिन मनाया जाता है। साल 2022 में मदर्स डे 8 मई को मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने की शुरूआत औपचारिक तौर पर 1914 में हुई थी।

### सबसे पहले मदर्स डे किसने मनाया?

दरअसल, मदर्स डे मनाने की शुरूआत एना जार्विस नाम की एक अमेरिकी महिला ने की थी। एना अपनी मां को आदर्श मानती थीं और उनसे बहुत प्यार करती थीं। जब एना की मां की निधन हुआ तो उन्होंने कभी शादी न करने का फैसला करते हुए अपनी मां के नाम अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने मां को सम्मान देने के लिए मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। उन दिनों यूरोप में इस खास दिन को मदरिंग संडे कहा जाता था।

### मई में रविवार को ही क्यों मनाते हैं मदर्स डे?

एना के इस कदम के बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने औपचारिक तौर पर 9 मई 1914 में मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। इस खास दिन के लिए अमेरिकी संसद में कानून पास किया गया। जिसके बाद मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने का फैसला लिया गया। बाद में मदर्स डे को मई के दूसरे रविवार के दिन मनाने की स्वीकृति अमेरिका समेत यूरोप, भारत और कई अन्य देशों ने भी दी।

### मदर्स डे मनाने की वजह?

अपनी मां को खास महसूस कराने, उनके मातृत्व और प्यार को सम्मानित करने के उद्देश्य से बच्चे मदर्स डे मनाते हैं। पिछले कुछ दशकों में मां को समर्पित इस दिन को बहुत खास तरीके से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपनी मां के साथ समय बिताते हैं। उनके लिए गिफ्ट या कुछ सरप्राइज प्लान करते हैं। पार्टी का आयोजन करते हैं और मां को बधाई देते हैं।

### पुतिन की हालत...



साभार कॉटूनमूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### ज्ञान महिला समिति ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रामगढ़।** ज्ञान महिला समिति ने शनिवार को वार्ड नंबर 3 सौदागर मुहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाओं का पांव पूजन कर उनसे 20 मई को अपने अपने बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील की गयी। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि पूरे रामगढ़ जिले में गांव, शहर, टोला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाएं जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक हो चुकी है उनको चिन्हित कर पांव पूजन कर उनसे मतदान के दिन बूथों पर जाकर पहले मतदान फिर जलपान की अपील की जा रही है। विनोद जायसवाल ने कहा कि ज्ञान महिला समिति द्वारा बुजुर्ग महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। ताकि वह बूथों पर जाकर मतदान करें। मौके पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

### गांधीनगर में युवक ने की आत्महत्या



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गांधीनगर में शुक्रवार को युवक ने गमछी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। जानकारी अनुसार शुक्रवार की दोपहर साढ़े ग्यारह बजे 30 वर्षीय मो. आमान अंसारी, पिता मो. इजहार अंसारी बाहर से घर आया और घरवालों को कहा की मैं सोने जा रहा हूं। मुझे कोई डिस्टर्ब बना न करें। थोड़ी देर बाद घर के लोगो ने खिड़की से देखा की आमान अंसारी घर के पंखे से झूल रहा था। जिसके बाद घरवालों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर गमछा को काट कर उसे नीचे उतारा। इसके बाद तत्काल इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस पंचनामा कर शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई।

### गोला में लू से एक व्यक्ति की मौत



**गोला(रामगढ़)।** गोला थाना क्षेत्र बयांग निवासी मटुक लाल महतो की शुक्रवार को ईलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति शुक्रवार को भी मटुक लाल महतो अपने घर से मवेशियों को पानी पिलाने के लिए टांड़ की ओर ले गए थे। इस दौरान चिलचिलाती धूप की वजह से वे लू की चपेट में आ गए तथा वे गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी घर वालों को दी। घर वाले उसे इलाज के लिए गोला के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उसकी बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### चोरधरा में युवक ने की आत्महत्या



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चोरधरा के युवक द्वारा बीचा गांव में अपनी बहन के घर में गले में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना के बाद भदानीनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार चोरधरा रंका टोला निवासी 36 वर्षीय बबलू उरांव उर्फ बालो उरांव पिता स्व. पटेल उरांव मंगलवार को बीचा गांव में अपनी बहन रंजीता देवी पति सुधु उरांव के घर गया था। यहां किसी बात को ले शुक्रवार को बहन के साड़ी का फंदा बनाकर घर में लगे पंखा से लटक गया। जब घरवालों ने देखा तो फौरन बबलू को नीचे उतारा। तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक शादीशुदा है। लेकिन उसका कोई संतान नही है। घटना को लेकर परिजनों ने किसी भी प्रकार का संदेह नहीं जताया है। वहीं घटना को ले पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर

**बरही।** बरही गया रोड में शुक्रवार की रात्रि हुए सड़क दुर्घटना में एक नाबालिक बच्चे की मौत हो गई। जिससे अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद अगले दिन प्रशासनिक पदाधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंचे और एक एक कर सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। पुलिस प्रशासन ने शनिवार को गया रोड में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। जिसमें ग्रामीण बैंक की सीढ़ी, निजाम मार्केट का सीढ़ी, केशरी फर्नीचर भवन सहित कई दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को तोड़ कर पूर्ण रूप से अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण अभियान बरही एसडीओ जोहन टुडू, बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही चंद्रशेखर कुमार, राजस्व कर्मचारी रितलाल रजक, सरकारी अमीन चेतन यादव सहित बरही थाना की पूरी पुलिस टीम मौजूद रहे। अतिक्रमण मुक्त करवाने में दो दो जेसीबी एवं कई ट्रैक्टरों का सहयोग लिया गया। इस बाबत एसडीओ एवं अंचलिधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि इसके बाद अगर लोगो द्वारा पुनः अतिक्रमण का कार्य करेंगे तो अबकी बार उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# मोदी ने जो वादा किया, उसे पूरा किया : जायसवाल

## भाजपा प्रत्याशी ने बड़कागांव के दो दर्जन से अधिक गांवों में मांगा वोट

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शनिवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पिपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया। जायसवाल के साथ भाजपा और आजसू कार्यकर्ता भी उनके साथ चल रहे थे। जायसवाल ने चतरा जिला अंर्तगत पिपरवार भाजपा मंडल के बचरा से शनिवार सुबह अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की और देर रात केरेडारी के जोरदार में महायज्ञ में शामिल होकर समापन किया। उन्होंने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बचरा, बाजार टांड़, विशुझापा, 64 कॉलोनी, चिरैयाटांड़, कारो, बन्हें, हफुआ, किरीगढ़ा, बचरा बस्ती, होसिर, पताल, मेढ़ी, हेंदेगिर बस्ती, हेंदेगिर स्टेशन, लोहरसा, खपिया, बुंडू, सलगा, कुठान, जोको, कराली, केमो, श्रीनगर और जोरदाग में चुनाव प्रचार कर भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा जाति और बिरादरी की नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के विकास की बात करती है। मोदी सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा किया और आगे भी जो मोदी की गारंटी है वह राष्ट्र और समाज हित के लिए बेहद जरूरी है। जायसवाल ने कहा कि बड़कागांव मेरे पुरखों की धरती है और यहां की मिट्टी से गहरा लगाव है। उन्होंने कहा कि मैं नेता नहीं बेटा के रूप में सेवा किया हूं और आगे भी करूंगा। जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है और परिवारवाद करती है, लेकिन परिवारवाद पर इस बार खतरे की घंटी है, भाजपा को कमल छाप पर वोट देकर जिताएं विकसित होगा देश ये मोदी की गारंटी है । मौके पर बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष नेमा साव , पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, आजसू के केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, प्रखण्ड सचिव शमोहन महतो, श्रमिक संघ सचिव मनोहर साव, जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग भोला महतो, भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष (किसान मोर्चा) उपेन्द्र सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य महेन्द्र सिंह,भाजपा जिला सचिव मुलचंद साव ,भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़कागांव आदित्य सोनी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष केरेडारी बाल गोविंद सोनी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष केरेडारी प्रीतम साव, किसान मोर्चा प्रभारी बड़कागांव राजु साव, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, युवा जिला मंत्री हजारीबाग अमित गुप्ता, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी पंकज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, हजारीबाग जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, हजारीबाग जिला युवा मोर्चा महामंत्री आशीष गुप्ता, युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

**दो देसी पिस्टल, 21 जिंदा गोली8, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ ।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पतरातू के विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। अपराधी विकास कुमार के पास से दो देसी पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस मिला। गुलशन कुमार के पास से 8 जिंदा कारतूस और माहताब आलम के पास से 5 जिंदा कारतूस मिला। साथ ही दो मोबाइल फोन जिसका उपयोग अपराधियों द्वारा आपराधिक घटनाओं के लिए किया जाता था बरामद किया गया। एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रह रहे हैं । वर्तमान में अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी हैं और इनके जरिये कई स्थानों पर फायरिंग की घटना की गई है। इस सूचना पर एटीएस टीम के जरिये रामगढ़ जिला के पतरातू क्षेत्र में छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस की ओर से गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार जरिये कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

एटीएस ने बताया कि तीनों अपराधियों एवं पूर्व में गिरफ्तार राजा अंसारी से 6 मार्च को सिकीदरी थाना अंतर्गत ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण कार्यस्थल पर गोलीबारी की गई थी। इस संबंध में सिकीदारी थाना कांड संख्या 06/24 दर्ज किया गया था। साथ ही 6 फरवरी को इन अपराधियों ने ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर गोलीबारी किया था। इस संबंध में ओरमांझी थाना कांड संख्या 18/24 दर्ज किया गया । सभी अपराधियों ने 9 फरवरी को भुरकुंडा के स्वामी सिद्धांत बाउरी पर गोलीबारी किया था। इस संबंध में पतरातू ( भुरकुंडा) थाना कांड संख्या 39/24 दर्ज हुआ। तीनों घटना में प्रयोग किए गये बाइक और हथियार को एटीएस की टीम ने बरामद कर लिया है।

### सात मई को हैश टैग अभियान : बीडीओ

**बरही।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करवाने को लेकर बीडीओ ने प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक किया। जिसमे जीपीएस सवाना मांझी मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वीसी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रखंड के सभी वी एल ई को सक्रिय भूमिका निभानी है। केंद्र पर आने वाले प्रत्येक योग्य मतदाताओं को देश के इस महापर्व में अधिकतम संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है। इसके लिए सभी वीएलई को प्रतिदिन मतदाताओं संग एक्टिविटी करनी है। जिसके तहत अपने क्षेत्र या आने वाले मतदाताओं को शपथ दिलाना, रैली, नुक्कड़ सभा या अन्य किसी भीं प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि सात मई को आई एम इलेक्शन एंबेसडर जैसे विशेष हैश टैग अभियान का हिस्सा भी बनना है।

# कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत निश्चित : अकेला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय पीटीपीएस में शुक्रवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हजारीबाग से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की जीत निश्चित है। हमसभी जीत की मार्जिन अधिक से अधिक करने के लिए जी तोड मेहनत कर रहे हैं।

इसी को लेकर मैं पतरातू प्रखंड का दौरा कर गठबंधन के साथी दल राजद , झारखंड मुक्ति मोर्चा, सीटू सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों सामाजसेवियों तथा कई यूनियन के नेता एवं कार्यकर्ताओं से मिला हूं। उन्होंने कहा कि बड़कागांव सहित पांचों विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की ही लहर है। अकेला ने कहा कि चुनाव में अपने-अपने बूथो को मजबूती से बढत करने का संदेश देने आया हूं।

मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रदेश सचिव संजय यादव, समाजसेवी रामेश्वर गोप सहित कांग्रेस नेता जयप्रकाश सिंह ननकी, डॉ केके शर्मा, अमर यादव, मो. कयूम, सीमा राय, कुलदीप यादव, कमलेश कुमार, अशोक प्रसाद, रामयज्ञ सिह, मिथिलेश सिह, बाल्मिकी यादव, गौरव कुमार, युवा नेता लोकेश आनंद, दिनेश दास, मो. हबीब, तारिक राजा, परवेज आलम, नवीश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### फ्यूचर कोचिंग सेंटर का 10 वीं और 12वीं में रिजल्ट रहा बेहतर

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के नवादा मे स्थित फ्यूचर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का झारखंड शिक्षा बोर्ड 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत बेहतर रहा। जिसमे कक्षा 12वीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 10वी के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और साथ ही कोचिंग का नाम रोशन किया। फ्यूचर कोचिंग सेंटर के संस्थापक अमित कु. पाण्डेय ने बच्चों को बधाई दी। इस दौरान कोचिंग के संचालक विकाश कु.पाण्डेय,निशांत सर,प्रकाश सर मौजूद रहे। संचालक ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा अगर स्तंभ है तो नींव है संस्कार शिक्षा हमारे जीवन मे अत्यंत महत्वपूर्ण है। मगर असली शिक्षा वहीं है,जो अनपढ़ों का भी सम्मान करना सिखाएं । अभिभावकों को भी बताया गया कि शिक्षा दिनों-दिन खर्चीली होती जा रही है और माता-पिता को अनपने बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए योजना बना कर चलना चाहिए। अच्छा तो यह रहेगा कि माता-पिता बच्चों की शिक्षा के लिए शुरू से ही बचत करते चलें। राखी कुमारी,पम्मी कुमारी,अंजली रानी, सोनी कुमारी,अंजली कुमारी,नेहा कुमारी, अनु कुमारी,रानी कुमारी,प्रियंका कुमारी,मंजू, रुक्सार खातून, गायत्री कुमारी,कंचन कुमारी,चांदनी कुमारी एवं कक्षा 10वीं में अरसी नूरी,साक्षी, सम्मा अन्य छात्र शामिल थे।

# जेएसपी के अधिकारी की पुत्री बनी लेफ्टिनेंट डॉक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**▶▶ सभी माता-पिता के लिए बच्चों की सफलता ही सबसे बड़ा उपहार : प्रशांत उपाध्याय**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में डिप्टी मैनेजर प्रशांत उपाध्याय की पुत्री वंशिका उपाध्याय का आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कंप्लीट करने और पासिंग आउट परेड के बाद उनका ज्वानिंग लेफ्टिनेंट डॉक्टर के पद पर हुआ है। वंशिका के इस उपलब्धि पर पतरातू के जेएसपी ग्रुप में हर्ष का माहौल है। साथ ही बधाईयों का तांता लगा हुआ है। वंशिका उपाध्याय की इस उपलब्धि पर चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

वंशिका ने अपने माता पिता, परिजन, जेएसपी सहित पूरे पतरातू प्रखंड वासियों को गौरवान्वित कराया है। यह जेएसपी परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात है। बेटी की सफलता से गदगद प्रशांत उपाध्याय ने कहा कि मेरी पुत्री की इस उपलब्धि के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और मेरी पत्नी का पूर्ण सहयोग तथा अपने काम के प्रति वंशिका का डेडीकेशन है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के लिए बच्चों की सफलता से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता।

मेरी पुत्री ने पूरे उपाध्याय परिवार का मान सम्मान और बढ़ा दिया है। श्री उपाध्याय ने कहा बेटे और बेटियों में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। आपके बच्चे जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उनका भरपूर सहयोग करें, ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें। इधर वंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता, परिजन, गुरुजन और कठिन परिश्रम को देते हुए कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है।

## एक नजर में

### बरही में कंटेनर की चपेट में आने से बच्चे की मौत



**बरही।** गया रोड स्थित एक्सिस बैंक के समीप शुक्रवार रात लगभग 9 बजे सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग बच्चे की मौत हो गई। मृतक 12 वर्षीय समर निषाद कुछ सामान लाने घर से बाहर निकला तो अर्टिगा वाहन संख्या जेएच 01 डीक्यू 3076 के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान वाहन के चालक कुछ देखे बगैर कार का दरवाजा खोल दिया। जिससे टकराकर समर रोड पर जा गिरा। जिसके बाद बरही चौक की तरफ से आ रहे एक कंटेनर गाड़ी ने बच्चे को चपेट में ले लिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे आनन फानन में अनुममंडल अस्पताल बरही लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने प्रशासन पर आरोप –प्रत्यारोप लगाने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से बात की और उन्हें समझाने का प्रयास किया।

### जायसवाल रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : दीपक प्रकाश

**दारू।** देश मे नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही है और इस बार भाजपा 400 सीट जीतने जा रही है। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल रेकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। उक्त बातें भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दारु बक्शीडीह में एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा के कांग्रेस की नीति देश को तोड़ने की रही है, जबकी प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहें हैं। राज्यसभा सांसद दारु बक्शीडीह मे अगड़ी जाति के बीच बैठक कर जयंत सिन्हा को टिकट नहीं मिलने के बाद की स्थिति के बारे मे विशेष चर्चा कर गिले सिकवे दूर करने आये थे। बैठक मेंसभी लोगों ने मनीष जायसवाल के पक्ष में जमकर मतदान करने की बात कही। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा , सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू,अनिल मिश्रा ,नवीन कुमार सिन्हा, श्वेता सिन्हा,भैया संतोष कुमार सिन्हा, रंजीत सिन्हा, राजन सिन्हा, प्रदीप शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, रौशन सिन्हा, सुमन सिन्हा, राजीव शर्मा, भैया अखिलेश कुमार, भैया अजीत कुमार, भैया नितेश ,भैया सुमित, राकेश सिन्हा, मुकेश कुमार सिन्हा, डब्लू शर्मा, मनोज शर्मा , संजीव सिन्हा,सहित कई लोग मौजूद थे।

### कटकमसांडी वन क्षेत्र में लगी आग, विभाग मौन

**कटकमसांडी।** पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्राधीण प्रखंड कटकमसांडी के ग्राम हरहद जंगल में भयंकर आग लगी है, लेकिन वन विभाग मौन है। आग ने जंगल में पेड़ पौधों को अपनी चपेट में लेते हुए चारों ओर फैलने लगी है। ग्रामीणों के मुताबिक जंगल में आग केसे लगी इसका स्पष्ट जबाब कोई नही बता पा रहा है। जंगल में जीव जंतुओं पर भी आफत आ गई है। कटकमसांडी प्रखंड स्थित वन क्षेत्र का आधा हिस्सा वाइल्ड लाइफ में आता है। वहीं आधा हिस्सा पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वाइल्ड लाइफ क्षेत्र के जंगलों में लगी आग की खबर पाते ही वनकर्मी फायर ब्लोअर का इस्तेमाल कर आग को काबू पाने में सफल होते हैं लेकिन ऐसा इस बार नही हो पा रहा है । पश्चिमी वन प्रमंडल क्षेत्र में पदस्थापित वनकर्मियों को न ग्रामीण पहचानते हैं और न ही वन सुरक्षा समिति के सदस्यों से कोई संपर्क है। नतीजतन वनकर्मियों के अकर्मण्यता से एक ओर जंगल उजड़ रहा है तो दूसरी ओर जंगलों में आग लगी हुई है।

### ज्योतिषि ब्राह्मण संघ ने मनाया परशुराम जयंती

**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई । जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा के साथ प्रदेश एवम जिला के पदाधिकारी गण शामिल हुए बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किए सभी ने बारी बारी से भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किया उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत लखन लाल तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं , जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं मुझे आप सबों ने जो दायित्व सौंपा है मैं उसे पूरा करूंगा सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने कहा की आज इचाक के लुंदरू में के बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण को कहता हूं यदि ब्रह्मण समाज में एकता का परिचय देना है तो प्रदेश अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करे और कोई भी कार्य करने से पहले बैठक कर निर्णय ले इस बैठक में प्रदेश सचिव महेंद्र शर्मा ,प्रदेश प्रवक्ता मदन पांडेय , प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष अजय पांडेय ,सत्यनारायण शर्मा , श्री निवास पांडेय धनेश्वर तिवारी ,राजेंद्र पांडेय ,सीताराम पांडेय ,सीताराम मिश्रा देवशरण पांडेय मनोज पांडेय बिरेंद्र पांडेय , कृष्ण पांडेय ,अरुण पांडेय बंशी पांडेय,राजेंद्र पांडेय अनिरुद्ध पांडेय आदित्य पांडेय,कैलाश पांडेय,भुनेश्वर पांडेय जगरनाथ पांडेय सहित प्रदेश ,जिला और प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों ब्रह्मण उपस्थित थे।

### बड़कागांव में एमसीएल कार्यालय खुला

**बड़कागांव।** किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एवं ईंधन क्रांति लाने के लिए बड़कागांव गुरु चट्टी के थाना के पास नीलकंठ क्लीन फ्यूल लिमिटेड (एमसीएल) का उद्घाटन झारखंड आंदोलनकारी झमन प्रसाद ने किया। मौके पर भारतीय जन जागरूकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कमल मौजूद थे। किसानों को बताया गया कि नीलकंठ क्लीन फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में बड़कागांव में किसानों को रोजगार से जोड़ने एवं देश को बायो एनर्जी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मिरा क्लीनफ्यूल्स लिमिटेड की तरफ से बायो कोल, बायो गैस और बायो सी.एन.जी. गैस की फैक्ट्री का निर्माण बड़कागाँव प्रखंड में किया जाना तय किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट बड़कागाँव के किसानों का भविष्य उज्जवल करने के लिए काफी होगा, उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए यहाँ के किसान नेपियर ग्रास की खेती कर एक एकड़ में तीन से चार लाख रुपए सालाना इनकम कर पाएंगे, जिससे कि उनकी अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार आएगी।

### बिजली की तार बना मकड़े की जाल




**कटकमदाग।** रेवाली बगीचा से कदमा की ओर गुजरी सड़क के किनारे कई स्थानों पर बिजली की तार मकड़े की जाल बना हुआ है। सड़क के किनारे बने कई घरों के ऊपर से गुजरी बिजली के तार दुर्घटनाओं का आमंत्रित कर रहा है। इतना ही नहीं एक स्थान पर खंभे से कवर बिजली तार सड़क के नीचे से गुजरी हुई है। एक जगह तार के ऊपर से लोगों का आवा–गमन होता है। इस मार्ग से कई छोटी–बड़ी गाड़ियां गुजरती है। तार कटने से कभी भी हादसा हो सकता है। इस मार्ग में रहने वाले लोग बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार मौखिक शिकायत कर चुके हैं। बावजूद विभाग के अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सड़क के किनारे रैयती जमीन पर बने अमित सहाय के सेनेट्री दुकान के छत से बिजली तार गुजरी है। उन्होंने तार में कवर कर रखा है। छत के ऊपर निर्माण कार्य होना है। बिजली तार को हटाने को लेकर उन्होंने विभाग के जेई को मौखिक सूचना दी थी। जेई निरीक्षण के लिए पहुंचे। लेकिन अब तार नहीं हटाया जा सका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर बिजली तार व लचर व्यवस्था से पूर्व में कई बार घटनाएं घट चुकी है। विभाग के इस रवैए से स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि लिखित सूचना देने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शनिवार को, दैनिक अखबार के पत्रकार मोकिम अंसारी को प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी के संचालकों ने कथित तौर पर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पत्रकार ने तीन मई को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश के बावजूद स्कूल खुले रहने पर प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी और श्रीराम कृष्ण परमहंस स्कूल से संबंधित खबर चार मई को प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद, उन्हें सुबह सात बजे डाड़ी गांव के नरेश महतो ने फोन कर स्कूल बुलाया। जब वह



स्कूल पहुंचे, तो डाड़ी गांव के योगेंद्र महतो सहित चार-पांच लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनका वीवो 34 मोबाइल फोन और 22 सौ रुपये लूट लिए और उन्हें बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए। घायल पत्रकार को उनके भाई तबारक ने सिमरिया थाना पहुंचाया, जहां उन्होंने प्राथमिक दर्ज करवाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पत्रकार ने इसकी प्रतिलिपि एसडीओ और एसडीपीओ सिमरिया को भी दी है, जिन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा-गया रेल खंड के गझंडी स्टेशन पॉल संख्या 403/28 (1-2) के निकट नयी दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक लोको पायलट की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना शनिवार अहले सुबह 4:30 की है।

लोको पायलट की पहचान पंकज कुमार सिंह पिता स्व. शिवाारी सिंह जानकी नगर थाना रामपुर मुंगेर बिहार निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार लोको पायलट पंकज सिंह ड्यूटी के दौरान शुक्रवार की रात 9:45 बजे एक लाइट इंजन लेकर देर रात 1 बजे गझंडी पहुंचे थे, जहां से वे गुरपा गए एवं पुणः लौटकर 3:30 बजे गझंडी में लाइट इंजन को खड़ा कर रेल पटरी के रास्ते जा रहे थे।

इसी दौरान वे राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इार धनबाद रेल कंट्रोल से सूचना के उपरांत मौके पर पहुंचे जीआरपी तथा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गझंडी शाखा सचिव वीवी सिंह, उपायक्ष सह लोको पायलट अजय कुमार, संजीव नयन, अजीत कुमार, प्रेम कुमार आदि ने पोस्टमार्टम के उपरांत उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ससम्मान एक सुसज्जित वाहन पर उनके शव को परिजनों की मौजूद्गी में पैतृक आवास मुंगेर भेजा गया। उनके असामायिक निधन पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन वीबी सिंह सहित सहायक चालक मुकेश कुमार, राहुल कुमार सिंह, ट्रैकमैन संतोष राय, विनय कुमार आदि ने शोक व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढाढ़स बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# अवैध सुषव (स्प्रिट) के भंडारण का उद्भेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के आदेशानुसार शुक्रवार की रात्रि अधीक्षक उत्पाद कोडरमा एवं अधीक्षक उत्पाद गिरिडीह के पर्यवेक्षण में उत्पाद बल के द्वारा संयुक्त छापामारी कर मरकच्चो थानान्तर्गत बरियारडीह के बिरहोर कॉलोनी में अवैध सुषव (स्प्रिट) के भंडारण का उद्भेदन किया गया। छापामारी में कुल 42 सौ लीटर अवैध सुषव बरामद किया गया। उक्त को लेकर उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत अवैध सुषव के व्यापार में संलिप्त मनोज साव, नोखलाल साव, सहदेव महतो, शंकर साव सभी गिरिडीह जिला निवासी एवं अन्य के विरूद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

# डी आर एस कॉलेज टंडवा का छात्र-छात्राओं ने इंटर में लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** डी आर एस कॉलेज टंडवा का इंटर का परिणाम शत प्रतिशत रहा।इंटर कला में पूर्णिमा कुमारी 353 अंक लाकर कॉलेज की प्रथम टॉपर रही,333 अंक लाकर जूही कुमारी एवं सुषमा कुमारी संयुक्त रूप से द्वितीय टॉपर रही और 323 अंक लाकर आरती कुमारी तृतीय टॉपर रही।वहीं इंटर विज्ञान में सोनू कुमार साव 348 अंक लाकर कॉलेज का प्रथम टॉपर रहा, 317 अंक लाकर राहुल कुमार राणा द्वितीय टॉपर और 310 अंक लाकर नीतू कुमारी तृतीय टॉपर रही।

वही संस्थान के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना किए एवं उन्होंने कहा कि विद्यार्थी और कड़ी मेहनत कर अपने गांव और प्रखंड का नाम रौशन करें साथ हीं उन्होंने शिक्षक व शिक्षिका को भी बधाई दिए जिनके द्वारा विद्यार्थियों को तैयारी करवाई गई।

एक नजर में

# डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने का प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारी और कर्मियों को दिया गया। वहीं वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अगुवाई में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में बताया गया। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सभी प्रक्रियाओं को विस्तार से बताया गया।

मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी सना उस्मानी आदि लोग मौजूद थे।

# आठ नामांकन पत्र निरस्त, 23 उम्मीदवार मैदान में



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा में लोकसभा चुनाव के लिए 03 मई तक नामांकन दाखिल किए गए थे, जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया था।

4 मई 2024 को नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें से 23 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए, जबकि 8 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र त्रुटिपूर्ण होने के कारण रद्द कर दिए गए। नामांकन पत्र रद्द होने वाले उम्मीदवारों में सीताराम सिंह, रूपेश उरांव, नब्बू भुइयां, अनुज कुमार, उमेश गंझु, राजेश कुमार सिंह, सुचित्रा सिन्हा और अशेष सिंह शामिल हैं। भाजपा, कांग्रेस और बसपा के उम्मीदवारों सहित 23 नामांकन पत्र सही पाए गए और उन्हें वैध घोषित किया गया।

# घर-घर मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का किया जा रहा वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह के दीदियों के द्वारा रंगोली बनाकर 20 मई को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** शनिवार को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक किशन कुमार दास और भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह ने प्रखंड के सभी पंचायतों में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। पहरा गिद्धौर बारीसाखी मझगवां बरियातू द्वारी के सभी पंचायत के लोगों ने भाजपा को सहयोग करने की बात कही और कहा कि वे मोदी जी की योजनाओं से लाभान्वित हैं। भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने मोदी जी की उपलब्धियों और केंद्र की योजनाओं के लाभों के बारे में बताया। कई परिवारों को एक से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल रहा है



और लाभार्थी वर्ग पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है। इस अभियान में पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के प्रतिनिधि दिनेश भारती, ओबीसी प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी, ऐसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रसादी पासवान, उपमुखिया विकास कुमार पांडेय, सत्येंद्र दांगी, आशीष साव, विकास कुमार बिक्कू, विनोद साहू, शिव शंकर कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार, प्रेमजीत पांडेय, प्रकाश साहू और अन्य ग्रामीण जनता भी इस अभियान में उपस्थित थे।

# कम मतदान वाले बूथों पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले के कम मतदान वाले 50 बूथों की पहचान की गई है, जहाँ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इटखोरी प्रखंड के साल्वे बूथ नंबर 209 के नोडल पदाधिकारी मनिंदर भगत ने मतदान केंद्र का दौरा किया और बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक की। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस बूथ पर केवल 41% मतदान हुआ था। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं के साथ बैठक की गई, जिसमें बीडीओ, मुखिया, बीएलओ, पारा टीचर, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और पीडीएस डीलर उपस्थित थे। बैठक में मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों पर चर्चा हुई और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुझाव लिए गए।

# पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी को दिया गया प्रशिक्षण, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों को अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ भवन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाकिारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे।

# प्रतिनिधि उसे चुनें जो कोडरमा की आवाज़ संसद तक पहुंचाएं : इंडिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जयनगर प्रखंड के कंद्रापडीह दक्षिणी टोला एवं उतरी टोला में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस जनसंपर्क अभियान में घर-घर पहुंच कर झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को



विजय बनाने का अपील किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि सभी गांवो में जनता का मिल रहे अपार समर्थन और उत्साह से साफ जाहिर होता है की इस बार कोडरमा लोकसभा के जनताजर्नान भाजपा को उखाड़ फेंकेगी और बिनोद सिंह को भारी मतों से विजय बनाकर संसद भेजेगी। जनसंपर्क अभियान में अशोक यादव, विजय पासवान, मुंना यादव, तसव्वर खान, राजेंद्र यादव, महेश यादव, जागेश्वर साव, देवानन्द सिंह, तिलक यादव, महादेव साव आदि मई लोग शामिल थे।

# मतदाता जागरुकता को लेकर निकाली प्रभात फेरी, बनाई रंगोली



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को विद्यालय परिसर में रंगोली बनाई और मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया। छात्राओं ने विद्यालय से मेन चौक, बेल चौक, ब्लॉक कार्यालय सहित पूरे नगर में प्रभात फेरी निकाली और मतदाताओं को अपने कर्तव्य का पालन करने और सबसे पहले मतदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रभात फेरी के दौरान छात्राओं ने कई स्लोगन भी दोहराए। इस कार्यक्रम का आयोजन वार्डन इंदु भारती के देखरेख में किया गया और इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से लोगों से 20 मई को मतदान करने की अपील की। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना था और उन्हें मतदान के महत्व को समझाना था।

# इंदुमती टिबड़ेबाल सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। शहर के इंदुमती टिबड़ेबाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में झारखंड अधीविध परिषद ने दशम बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और खेलो झारखंड के तहत एसजीएफआई में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या विकास समिति के माननीय प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, विद्यालय के संरक्षक डॉ. विजय अग्रवाल, अध्यक्ष संतन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष



मुकेश साह, हजारीबाग विभाग के सह प्रमुख व कुम्हटोर्ली विद्या मंदिर के प्राचार्य ब्रजेश सिंह व विद्यालय के प्राचार्य श्री रमेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथि परिचय सह स्वागत विद्यालय में माननीय प्राचार्य रमेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इंदुमती टिबरेवाल विद्यालय के कुल 250 विद्यार्थियों ने जैक बोर्ड परीक्षा में भाग लिया। सक्षम वर्मा ने पूरे झारखंड राज्य में पांचवां और चतरा शहर में पहला रैंक हासिल किया, जबकि रिशु राज ने दूसरा रैंक हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन ने इन दोनों विद्यार्थियों को टैब देकर पुरस्कृत किया। जैक बोर्ड में टॉप 10 में आने वाले 20 विद्यार्थियों और एसजीएफआई में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को स्मार्ट वॉच, प्रशस्ति पत्र और शेष उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट फाइल देकर सम्मानित किया गया। उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र, तुलसी का पौधा और धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने विद्या भारती विद्यालय के सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि वे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री संतन पाण्डेय ने कहा कि आगे और भी प्रतिस्पर्धा होगी लेकिन आप सभी से उम्मीद है आप और बेहतर करेंगे। विद्यालय प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश साह ने सभी के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में चतरा संकुल के सभी प्रधानाचार्य, विद्यालय के प्रभारी सहित समस्त आचार्य, आचार्या उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीत दिलाने के लिए भंडरा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रखंड के वरीय पदाधिकारी हैदर अंसारी ने फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत ने कार्यकताओं को अपने एकता का परिचय देते हुए इस बार हर हाल में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अपने सभी महागठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने की बात कही ।

## नल जल योजना का नहीं मिल रहा है लाभ

**भंडरा।** केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार हर घर नल का जल योजना पंचायतों में लापरवाही के भेंट चढ़ गया है । लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है भंडरा प्रखंड के भैसमुंदो में संवेदकों की मनमानी के चलते लोग नल-जल योजना के टोंटी से एक बूंद जल भी मयस्सर नहीं हो पा रहा है .प्रखंड के उद्ररंगी पंचायत स्थित भैसमुंदो गांव के में विगत माह से नल से जल पूरा हुआ पर बनने के बाद से ही पानी नहीं टपक रहा है . जिसके चलते ग्रमीणों में काफी आक्रोस व्याप्त है . भीषण गर्मी में लोगों को पीने नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली,पंचायत समिति सदस्य अनिता पन्ना से पानी की समस्या के निदान को लेकर गुहार लगाई।मौके पर गांव के महिला से लेकर पुरुष तक शामिल हैं । ग्रामीणों ने मुखिया को बताया कि नल-जल योजना के तहत कनेक्शन दिए महीना बीत चुका है . लेकिन अब तक नल से पानी नहीं आ सका है गर्मी में दूर से पानी लाकर पीने को मजबूर है।

## न्यू धरती धन खाद दुकान में शटर तोड़कर हुई बीस हजार की चोरी

**गुमला।** बाजार टांड स्थित न्यू धरती धन खाद दुकान में चोरों ने शटर तोड़कर दुकान से बीस हजार रूपया नगद सहित समान की चोरी कर ली है। चोरों ने न्यू धरती धन खाद दुकान के दो दुकानों के शटर का ताला एक साथ तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में दुकान संचालक मो आलम मोबिनुल हक ने बताया कि वे कल शाम को दुकान बंदकर घर चले गये थे। संभवत रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकान में रखे बीस हजार रूपये चोर ले उड़े हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गय है।

## पोलिंग पार्टियों को दिया गया प्रशिक्षण

लोहरदगा। लोहरदगा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों, कर्मियों का प्रशिक्षण आज जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में दो पालियों में आयोजित हुआ। इसमें कुल 560 मतदान पदाधिकारियों, कर्मियों (कुल 140 पोलिंग पार्टियों) को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा व अन्य मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टी के आपसी समन्वय के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह त्रुटिरहित संपन्न कराने का प्रशिक्षण दिया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से हर चुनौती को पार करने की मिलती है प्रेरणा: प्रधानमंत्री

### धूप में तपस्या करने वालों को प्यार लौटने का नरेंद्र मोदी ने किया वादा, पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने की कही बात



मंच से लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री व अन्य।



कार्यक्रम में उमड़ा भाजपा समर्थकों का सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। सिसई के बरगांव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाई बहन, दीदी- बुचु व जोहार झारखंड बोलकर वोटरों व भाजपा कार्यकर्ताओं को रिझाने का प्रयास करते हुए भीड़ देखकर कहा कि यह चुनावी सभा है या विजय सभा है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग मंच में आ चुके हैं, बहुत लोग धूप में खड़े हैं और बहुत लोग आ ही रहे हैं। जो लोग धूप पर खड़े होकर तपस्या कर रहे हैं। उनके आकाक्षाओं पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे और जो प्यार मिला उसे लौटाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के वे पहले प्रधानमंत्री हैं जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली गये। भगवान बिरसा मुंडा की धरती का उन्होंने माथे पर तिलक लगाया है। भगवान बिरसा मुंडा एक नाम नहीं बल्कि वे प्रेरणा हैं। उनके जीवन को याद कर हर चुनौती से जीतने का प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि जब देश में स्वच्छता अभियान चलाया तो कांग्रेस ने कहा कि इससे देश में क्या होगा। उन्होंने कहा कि कामन सर्विस सेंटर खोलकर देश के कोने-कोने में इंटर नेट पहुंचाया। आज गांव का युवा सोशल मीडिया का हीरो बन गया है। कांग्रेस के कार्यकाल में देश के गोदामों में अनाज सड़ता था लेकिन गरीबों को नहीं मिल पाता था। मेरे कार्यालय में अनाजों का गोदाम आम जनों के लिए खोल दिया गया और आने वाले पांच वर्षों तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की पाप की लिस्ट बताएंगे तो कई दिन निकल जाएगी। कांग्रेस के कार्यालय में लोहरदग लोक सभा क्षेत्र व खुंटी जिला को बदहाल कर छोड़ दिया गया। इन जिलों में अस्पताल, बिजली, सड़क कुछ भी नहीं थी। भाजपा के कार्यालय में ऐसे जिलों कों आकांक्षी जिला बनाकर तेजी से विकास किया गया। जिसकी मॉनेटरिंग वे स्वयं करते हैं। पीएम जनमन योजना से 24 हजार करोड़ रूपये खर्च कर आदिवासी परिवार व गरीबों को घर दिया। जिसके लिए स्वयं देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपना विचार दिया था। जिनको राष्ट्रपति बनाने का विरोध कांग्रेस पार्टी ने की थी।

### कांग्रेस पार्टी झारखंड विरोधी रही है : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही है वह झारखंड विरोधी रही है। राज्य में खनिज संपदा में लूट मची हुई है बालू को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। लोग यहां से संकल्प लेकर जाएं कि पार्टी प्रत्याशी समीर उरांव को जिताना है और मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है।

### देश के जनमन के नेता नरेंद्र मोदी हैं: सुदेश

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पूरे देश के जनमन के नेता नरेंद्र मोदी हैं जो जनता का आर्शीवाद लेने पहुंच रहे हैं। सुदर्शन भगत की जीत कम वोटों से इस सीट पर हुई थी जनता इस बार समीर उरांव को अधिक मतों से जिताकर भेजे।

### पीएम ने 2047 तक देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया: समीर

पार्टी प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला व किसानों की समृद्धि की चिंता की और उनके हितों में योजनाएं चलायी। उनहोंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है। जिसको पूरा करने में जनता का सहयोग जरूरी है।

#### कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम को सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, शिव शंकर उरांव, विधायक कोचे मुंडा, मनीर उरांव, लक्ष्मण बड़ाईक, सधनु भगत आदि उपस्थित थे। साथ ही कार्यक्रम में लाखों की संख्या में लोग पहुंचे थे।

#### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही मोदी-मोदी के लगे जमकर नारे





लगभग 12:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिसई के बरगांव में आयोजित चुनावी सभा में पहुंचे। उनके सभा में पहुंचते ही मोदी-मोदी के नारों से सभा स्थल गुंज उठा। लगभग 30 मिनट की अपनी स्पीच में नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन की बखियां उधेड़ दी। इधर कार्यक्रम स्थल पर हेलीकाप्टर मंडराते ही चुनावी सभा में शामिल लोगों में उत्साह का संचार हो गया है। लोग कार्यक्रम स्थल पर खडें होकर हेलीकाप्टर देखने लगे।

#### उमड़ा समर्थकों का जनसैलाब

कड़ी धूप के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में समर्थकों का सैलाब उमड़ा। लगभग एक किलो मीटर पहले लोगों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से रोक दिया गया था जो पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर मोदी के भाषण के दौरान भी लोगों की हुजुम सड़कों की ओर से आती दिखी। लोग मोदी टी शर्ट पहनकर चुनावी सभा में शामिल हुए। वहीं कई महिलाए मोदी जी की तस्वीर लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंची थी। क्या बच्चे क्या बुढे सभी लोग उत्साह से लबरेज होकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

#### सुरक्षा के थे व्यापक इंतजाम

सिसई में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी सभा में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। सभा स्थल की सुरक्षा कई चक्रों में की गई थी। वहीं सभा स्थल में प्रवेश करने से पूर्व लोगों को मेटल डिडेक्टर से जांच कर अंदर जाने की अनुमति दी गई। यी प्रक्रिया सभा स्थल तक पहुंचने के दौरान कई चरणों में की गई। वहीं बिना पास वाले वाहनों को सभा स्थल की ओर सुरक्षा कर्मियों नपे जाने नहीं दिया। जिसके कारण कई लोगों को काफी दूर पैदल चलकर सभा स्थल तक जाना पड़ा।

#### भगवा रंग में रंगे दिखे मोदी के फैन अशोक त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में गुमला के डीएसपी रोड निवासी अशोक त्रिपाठी भगवा रंग में रंगे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। वे हाथों में कमल फुल व भाजपा का झंडा लिये हुए थे। वे मोदी के फैन हैं और हमेशा मोदी के कार्यक्रमों में ऐसे रूप सज्जा कर भाग लेते हैं।

## मजदूर दिवस व बाल श्रम रोकथाम को ले एमबी डीएवी में कार्यक्रम आयोजित

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा प्रांगण में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी ने मजदूर दिवस व बाल श्रम रोकथाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया। श्रमिक वर्ग जो अपना जीवन तो गरीबी तथा अभावों में बिताता है किंतु समाज को मानव जाति को अपने श्रमदान द्वारा कई पीढ़ियों के लिए सड़के, पुल, बड़ी-बड़ी इमारतें उपहार दे जाता है। समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना करने और उनकी अहमियत को जानने के लिए एक खास दिन निश्चित रूप से जरूरी है। देश के विकास में श्रमिकों के श्रम से तथा उनके प्रति सम्मान जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के मध्य श्रम दिवस से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं की छात्रा पलक सिंह ने प्रथम, मानसी कुमारी व अर्पण तिर्की ने द्वितीय तथा आशुतोष कुमार, रिम्सा ईरम व कुमारी पलक ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में अजीत कुमार अमबस्ट व शितेश कुमार पाठक निर्णायक बने। मजदूर के कठिन जीवन पर आधारित नाटक सिद्धार्थ व समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा सोनम कुमारी व समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने मजदूर वर्ग के संघर्ष व त्यागपूर्ण जीवन को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए कहा कि भारत सरकार ने मजदूर तथा गरीबों के लिए जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने तथा उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने हेतु कई योजनाओं को कार्यान्वित किया है तथा गरीबों को उनका लाभ भी प्राप्त हो रहा है। किंतु अज्ञानता व शिक्षा के अभाव में कई गरीब आज भी अपने बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के बजाय बाल मजदूरी करवाते हैं। अंत में समाज के विकास में श्रमिकों के अतुलनीय श्रमदान हेतु आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने विद्यार्थियों के हृदय में श्रमिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का प्रयास किया।

## सुखदेव भगत को विजय बनाने के लिए जेएमएम ने चलाया संपर्क अभियान

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को प्रचंड मतों से विजय बनाने और गठबंधन धर्म निभाने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में सानिवार को पेसरार प्रखंड के विभिन्न गांवों जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के टीम में झामुमो के जिला सचिव अनिल उरांव, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव पेशरार प्रखंडअध्यक्ष अरविंद कुमार , तुयमु पंचायत अध्यक्ष जयराम खेरवार,बिनु भगत, मोजिबुल रहमान बबलू, आदि शामिल थे। गांवी में जनसंपर्क और बैठकों के दौरान जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 13 मई को होने वाली यह चुनाव प्रत्येक जनता के काफी महत्वपूर्ण है। भाजपा और उसकी सहयोगी दलों ने देश में नफरत, लूट, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई को तो बेतहाशा बढ़ोतरी तो कर ही दी है, लोकतंत्र और संविधान को भी तार-तार कर दिया है। दिशोम गुरु सांसद शिबू सोरेन के पुत्र लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व काल में पूरे झारखंड में जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही थी, गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़े वर्गों के कल्याण और चहुंमुखी विकास के लिए कार्य किए जा रहे थे, इसलिए यह चुनाव झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान, आपसी भाईचारा को कायम रखने के लिए हमें इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करने के गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को पंजा छाप में बटन दबा कर भारी मतों से जीत दिलाएं।



जनसंपर्क अभियान में शामिल लोग

### मोदी जी को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं का है खौफ : सुखदेव भगत

लोहरदगा । पीएम मोदी के लोहरदगा आगमन और चुनावी जनसभा को लेकर लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत ने निशाना साधा है। सुखदेव भगत ने कहा है की लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं का इतना खौफ है की मोदी जी को चुनावी सभा करने आना पड़ता है। पिछले बार भी पीएम मोदी लोहरदगा से झारखंड में चुनावी जनसभा का शुरूवात किए थे उनके आगमन पर मै खुद को गर्वान्तित महसूस करता हू मैं उस क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा जहां पीएम मोदी को चुनावी रैली करना पड़ रहा है।

## एक नजर में

### श्रम कानून को बदलकर भाजपा सरकार मजदूरों के अधिकार को छिनने का काम किया: महेंद्र

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय सीट से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कामरेड महेंद्र उरांव ने शनिवार को क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान महेंद्र उरांव के साथ कामरेड बसंत गोप व कामरेड सुखदेव उरांव उपस्थित थे। महेंद्र उरांव ने गुमला और घाघरा प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा कर जन सम्पर्क अभियान चलाया। जन सम्पर्क के दौरान प्रत्याशी कामरेड महेंद्र उरांव ने मतदाताओं से जल जंगल जमीन और अपने संविधान व आदिवासीयों दलितों पिछड़ों की आरक्षण की हिफाजत के लिए वोट देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसान मजदूर संकट के साये में जीवन यापन कर रहे हैं। किसान की फसल की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार लागू नहीं कर रही है। श्रम कानून को बदलकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार मजदूरों के अधिकार को छिनने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस और भाजपा के सांसद और विधायक रहे हैं लेकिन क्षेत्र की विकास नहीं हुआ । नेता जी वोट लेने समय दिखाई देती है और पांच साल जनता से दूर रहते हैं। पलायन और मानव तस्करी में गुमला जिले अव्वल है। मजदूर बाहर के प्रदेश में काम के अभाव से पलायन करने को विवश हैं। जिले में बाक्साइट की खनन हो रहा है। यहां के आदिवासी के जमीन से बाक्साइट निकाला जा रहा है उन रैयत गरीबी की हालात में जी रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां पूंजीपतियों के पोषक है। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में एक विकल्प के रूप में खड़ा है। आगे कहा कि अन्य दल के उम्मीदवार कोई सांसद रहे तो कोई विधायक रहे लेकिन उनके कार्यकाल में आम जनता ढगे महसूस कर रहा है। आदिवासियों को गुमराह किया जा रहा है।

### वोट देना हम सभी का अधिकार व नैतिक जिम्मेदारी है : रमाकांत

**गुमला।** वोट देना हम सभी का अधिकार और नैतिक ज़िम्मेदारी है और मतदान ही लोकतंत्र का आधार है। इसलिए हम सभी को वोट अवश्य देना चाहिए। यह बातें कहीं डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कही। आज डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने एक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, रैली एवं डोर टू डोर कैंपेन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच चुनावी जागरूकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। जागरूकता रैली पटेल चौक से प्रारंभ होकर टावर चौक से होते हुए थाना चौक पर खत्म हुई। इस रैली में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं विद्यार्थियों ने पटेल चौक, टावर चौक एवं थाना चौक पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसके माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

### कांग्रेस के गुमला प्रभारी ने चैनपुर अनुमंडल का दौरा कर कांग्रेसियों से की बैठक

**गुमला।** कांग्रेस के गुमला विस प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने डुमरी, जारी, चैनपुर व रायडीह में कार्यकताओं के साथ बैठक की। जिसमें पार्टी प्रत्याशी की जीत को लेकर रणनीति बनाई। कहा कि कार्यकताओं की मेहनत की बदौलत ही यह सीट कांग्रेस की झोली में आएगी। इसलिए आपका परिश्रम केंद्र में कांग्रेस की सत्ता ला सकता है। आप मेहनत करें। वोटरों को बूथ तक जाने के लिए प्रेरित करें। किसी भी हाल में इस बार अपने परंपरागत सीट पर वापसी करनी है। इस दौरान उन्होंने चुनावी कार्यालय का भी शुभारंभ किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर एक्का, अख्तर ,हिरासत अली ,बसंत भगत ,मीना लकड़ा, हेमा कुजूर, अनीता बेक, रजनी एक्का, तारा मिंज, प्रभा कुजूर, प्रदीप मिंज डेविड मिंज, आनंद एक्का, राम कृपा भगत आदि थे।

## हिंडाल्को कंपनी की मनमानी अब नहीं चलेगी, होगा आंदोलन : धीरज

### ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

**खबर मंत्र संवाददाता**

लोहरदगा। निवर्तमान राज्यसभा सांसद सह ट्रक आँनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के थाना रोड आवास में शनिवार को सभी ट्रक आँनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में ट्रक परिचालन में आ रही परेशानियां एवं निर्धारित ट्रिप से बहुत कम ट्रिप मिलना एवं हिंडाल्को कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों को परेशान करने संबंधी बातों पर चर्चा हुई एवं कंपनी के द्वारा इस क्षेत्र में बड़ी गाड़ियों का परिचालन करने का प्रयास का विरोध किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा की हिंडाल्को कंपनी की मनमानी अब नहीं चलने दी जाएगी। कंपनी बिना एसोसिएशन एवं संरक्षक से बात किए हुए छह चक्का ट्रक की जगह बड़े ट्रकों का परिचालन करना चाह रही है जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं, बड़े ट्रक चलने के कारण यहां के स्थानीय लोग बेरोजगार हो जाएंगे, ट्रक मालिक, चालक, सहचालक लोडर, अनलोडर, गैरज मलिक टायर दुकान, पेट्रोल पंप सहित हजारों के पेट पर लात मारने का काम कंपनी करना चाहती है और स्थानीय रैयतो का भी हक मारना चाहती है। हम किसी भी सूरत में स्थानीय लोगों का हक मारने नहीं देंगे, इसके लिए हम लोग जोरदार आंदोलन करेंगे, हिंडाल्को कंपनी का गेट का घेराव किया जाएगा, ट्रकों का परिचालन बंद किया जाएगा और हजारों हजार की संख्या में लोडर, अनलोडर, माइनर, ट्रक चालक ,ट्रक मालिक, सहचालक एवं स्थानीय जनता के सहयोग से एक बड़े आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से इंटक नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ,फिरोज राही, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक एसोसिएशन के विजय जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार, मुंद्रिका यादव, पाखर ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. बबलू, कुदुस अंसारी, नजरुल हक, इंटक मजदूर यूनियन नेता उदय कुमार गुप्ता, अरविंद पाठक, हातिम अंसारी एवं चंदवा इंटक के नेता सत्येंद्र कुमार यादव, सहित अन्य लोगों ने बैठक को संबोधित किया। वही बैठक का संचालन लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद बबलू ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, रहमत अंसारी, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा एन कुजूर शकील अंसारी, इनामुल अंसारी, तारिक खान, ननका विश्वकर्मा, तारकेश्वर महतो, झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारी शशिकांत दास, विनोद उरांव, मोहम्मद आदिल, दीपक शराफ, सुमित विश्वकर्मा, मोहम्मद नन्हे, मुकीम खान, प्रमोद मिश्रा, महबूब अंसारी, संतोष गुप्ता, मोहम्मद मिंटू, पवन सराफ, रंजीत डे, मिट्ठू कुँवर जगदेव उरांव, सोनू विश्वकर्मा, मोहम्मद दाऊद, मिनहाज कुरैशी, मनीष केसरी, चंदन यादव, महेंद्र कुमार, पंकज सिंह, सुनील भगत, चंदवा ट्रक एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष साहू,अफजल अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में ट्रक मालिक उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करते धीरज साहू।

# एक शहजादा दिल्ली में और दूसरा पटना में : मोदी






एजेंसी

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि एक शहजादा दिल्ली में और दूसरा पटना में है, एक पूरे देश को और दूसरा बिहार को अपनी जागीर समझते हैं लेकिन दोनों के रिपोर्ट कार्ड में घोटाला और बेलगाम कानून-व्यवस्था के सिवा कुछ भी नहीं है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक राज मैदान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जैसे एक शहजादे दिल्ली में हैं, वैसे ही एक शहजादे पटना में हैं। एक शहजादे ने पूरे देश को तो दूसरे ने बिहार को अपनी जागीर समझा है। इनके रिपोर्ट कार्ड में घोटाला और बेलगाम कानून व्यवस्था के सिवा कुछ भी नहीं है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और राजद दोनों पर निशाना साधा और कहा कि बिहार में जब इनका शासन था तो बेलगाम कानून व्यवस्था मौजूद थी। अपहरण उद्योग चल रहा था। बिहार का खजाना लुट रहा था और बहु-बेटियां घर से निकलने में डरती थी। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने नौकरी देने से पहले लोगों की जमीनें अपने नाम लिखवा ली थी। श्री मोदी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर भी हमला बोला और कहा कि राजद का इतिहास हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है।

### कांग्रेस छीनना चाहती है एससी-एसटी का आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर अनुसूचित जाति (एससी)-अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण छीनने का आरोप लगाया और चुनौती देते हुए कहा कि वह धर्म आधारित आरक्षण व्यवस्था लागू नहीं होने देंगे इसलिए वह पिछले बारह दिनों से कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। श्री मोदी ने शनिवार को दरभंगा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर के समर्थन में यहां ऐतिहासिक राज मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस धर्म के नाम पर आरक्षण देने की बात कह एससी-एसटी का आरक्षण छीनना चाहती है।

## पांच वर्ष का सुदृढ़ मैप व आगामी पच्चीस साल में विकसित भारत की कल्पना मुख्य विजन : प्रधानमंत्री

**मधुबनी।** दरभंगा राज मैदान में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महती सभान को संबोधित किया। भव्य स्वागत कार्यक्रम के बीच चहुंओर मोदी- मोदी आवाज गुंजायमान दिखा- सुना। सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैथिली भाषा में कहा कि राजा जनक माता जानकी कवि विद्यापति केर एहि ऐतिहासिक भूमि कें हम नमन करैत छी। प्रधानमंत्री मोदी ने महाराजा कामेश्वर सिंह को प्रणाम अभिवादन के साथ भाषण की शुरूआत किया।

कहा कि दस वर्ष पूर्व विश्व में भारत देश की अर्थ व्यवस्था ग्यारहवें नम्बर पर था। वर्तमान में देश आर्थिक रूप से समृद्ध बनकर पांचवा स्थान पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में पांच वर्ष आगे की विकासोन्मुख पथ की सुदृढ़ रोड मैप तैयार कर लिया है। विकसित भारत की विजन आगे पच्चीस वर्षों का है।बिहार के सपूत कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिया गया।बिहार देश की राजनीतिक डेग बनकर शुरू से रहा। परन्तु लूट हत्या अपहरण उद्योग के कर्ताधताओं ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया। मोदी-मोदी की निरंतर गुंजती आवाज के बीच बताया कि बिहार में नीतीश बाबू के साथ चल रही एनडीए सरकार सही दिशा- दशा में है।

मोदी ने कहा कि जनता मालिक है। सब जानती है। मोदी ने कहा कि बिहार में केन्द्र सरकार द्वारा चालीस लाख लोगों को पक्का घर दिया गया। सवा करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन मिला।सभी को अनाज योजना का मासिक लाभ मिल रहा है।कोविद के महासंक्रमण काल में केन्द्र सरकार प्रत्येक लोगों की सुधि लेकर सभी सुविधा देने में तत्परता दिखाया।

## खबर एक नजर में

### फारबिसगंज में एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने किया रोड शो

**अररिया।** भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने शनिवार को फारबिसगंज और जोगबनी में रोड शो किया। रोड शो ढोलबज्जा से शुरू होकर टिकुलिया चौक पर जाकर सम्पन्न हुआ। प्रदीप कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फारबिसगंज विधानसभा अंतर्गत ढोलबज्जा से फारबिसगंज कॉलेज चौक होते हुए पटेल चौक, सदर रोड होते हुए सुभाष चौक बथनाहा, जोगबनी मार्केट, जोगबनी स्टेशन से टिकुलिया चौक पर जाकर रोड शो को सम्पन्न किया। रोड शो के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदीप कुमार सिंह के इस रोड शो में शामिल हुए। प्रदीप कुमार सिंह ने अपने रोड शो के दौरान कहा कि यह जनसैलाब मुझे आश्वस्त कर रहा हैं कि इसबार फिर तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने को लेकर उत्साहित है। अररिया मेरा घर है और यहां के लोग मेरे परिवार के सदस्य है। यहां के लोगों ने मेरे कामों को देखा है। मैं सेवा करने के लिए राजनीति में आया हूं और मेरे एक ही लक्ष्य हैं समृद्ध, खुशहाल और विकसित अररिया बनाना। प्रदीप कुमार सिंह के इस रोड शो में फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी,पूर्णिया विधायक विजय खेमका समेत समेत सैकड़ों समर्थक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पूर्वी चंपारण एवं शिवहर लोकसभा के लिए महागठबंधन उम्मीद्वार नें दाखिल किया नामांकन

**पूर्वी चंपारण।** छठे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से पांच और शिवहर से दो नामांकन पत्र दाखिले किये गये। इनमें, पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से वीआईपी पार्टी से डॉ. राजेश कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ब्रज बिहारी यादव, पवन कुमार, मो. असरफ अली अंसारी व निकेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं शिवहर लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रितु जायसवाल व निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे सुजित कुमार ने नामांकन दाखिल किया।

### महाकाल मंदिर में योगिराज को दी गई श्रद्धांजलि

**किशनगंज।** रुईधाशा स्थित महाकाल मंदिर में योगिराज अलख देव नारायण सिन्हा की 52वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महाकाल का अभिषेक, पूजन, व हवन कर योगिराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई,जिसमे श्रद्धालुओं ने योगिराज आलखदेव नारायण सिन्हा के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर धर्म संस्कृति ज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सत्यम चारुस्त, धर्मेंद्र सिंह, शुभ कुमार, श्रेय कुमार हर्ष, मीरा सिन्हा, चंचल सिंह, रोहित झा, नीतीश कुमार, राजीव बसाक, शंकर केशरी, अमन शर्मा, विष्णु जायसवाल आदि सक्रिय रहे।

### बारह लाख 90 हजार भारतीय जाली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस की टीम ने 500 की शक्ल में 12 लाख 90 हजार भारतीय जाली नोट के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है।यूपी के रहने वाले दोनो तस्कर को जिले कोटवा थाना क्षेत्र के राजापुर मठिया के समीप उस समय पकड़ा गया, जब दोनो एक बाइक पर सवार होकर जाली नोट की डिलीवरी करने वाले थे। शनिवार को एसपी कांतेश मिश्रा ने पत्रकारो को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग जाली नोट के खेप की डिलीवरी देने आ रहे है। सूचना के आलोक में पुलिस की टीम ने त्वतरित कारवाई करते हुए कोटवा थाना क्षेत्र के राजापुर मठिया के पास से एक बाइक पर सवार दो शख्स को पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 12 लाख 90 हजार रुपए जाली नोट बरामद हुआ है। पकड़े गये तस्करों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के कसया थाना निवासी मुकेश राजभर व उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले के बखिरा निवासी जमील अख्तर है।

# हिट एंड रन के 40 मामले में से 36 मामले का हुआ निपटारा

एजेंसी



**किशनगंज।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में शनिवार को आहूत की गई। बैठक में हिट एंड रन के 40 मामले में से 36 मामले का निपटारा हुआ।चार मामले को भी जल्द निपटा लिया जाएगा। ऐसा आश्वासन डीएम ने दिया। जिलाधिकारी तुषार सिंगला निर्देश दिया की चेक पोस्ट पर लगे बेरिकेट को जल्द नवीकरण कर स्टीकर लगा दिया जाए ताकि रात में ठीक से दिखाई दे।

उन्होंने निर्देश दिया की चौक-चौराहे के ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर वहां पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर आदि लगाने का कार्य किया जाए ताकि दुर्घटना को बचाया जा सके। जिला अन्तर्गत वैसे स्थान जहां सड़क दुर्घटना सतत रूप से घटित होती रहती है, वैसे स्थलों को वलनरेबल स्पॉट के रूप में चिन्हित कर उसकी सूची उपलब्ध कराने हेतु सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि इस हेतु एसडीएम किशनगंज को सतत अनुश्रवण कर जिलान्तर्गत वलनरेबल स्पॉट की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके आलोक में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा चार टीमों का गठन किया गया एवं जिले के विभिन्न वलनरेबल स्पॉट को चिन्हित करवाते हुए सूची उपलब्ध कराने का डीएम ने निर्देश दिया है। गौर करे कि 01 मई को देर शाम हलीम चौक के पास सड़क दुर्घटना का मामला संज्ञान में आया था इसके मद्देनजर दुर्घटना संभावित क्षेत्र को जल्द पहचान करने का निर्देश दिया गया था।

### 23 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसएसबी के बेलदरवा पोस्ट के जवानों ने शनिवार की दोपहर सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पिलर संख्या 383/4 के लगभग 700 मीटर दूरी पर जामुनभार गांव से एक तस्कर को 23 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते एसएसबी 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की नेपाल से भारतीय सीमा में एक तस्कर नशीली पदार्थ गांजा लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले है।जिसके बाद एसएसबी द्वारा नाका लगा कर सघन वाहन जांच शुरू किया गया।इसी दौरान एक तस्कर को दबोच लिया गया। पकड़े गये तस्कर की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी बाबूलाल पिता हारगेन महतो के रुप में हुई है। जिसके विरूद्ध कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बरामद गांजा व गिरफ्तार तस्कर आदापुर थाना पुलिस को सौंप दिया गया।


## विद्यालय में शिक्षा देने के बजाय बच्चों से करवाया जा रहा है पेंट



पेंट करता बच्चा

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहगाड़ा में बच्चों को शिक्षा देने के बजाय उनसे विद्यालय के खिड़की पेंट करवाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहगाड़ा के प्रधानाध्यापक के द्वारा नौवीं क्लास के छात्र सहेंद्र कुमार राजवंशी से विद्यालय का खिड़की पेंट करवाया जा रहा था। इसको लेकर जब ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा गया। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय के बच्चे से ही प्रधानाध्यापक के द्वारा खिड़की का पेंट करवाया जा रहा था जो सरासर गलत है। इसको लेकर मैं शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी को भी जानकारी दे दिया हूं। जबकि सरकार के द्वारा विद्यालय रख रखाव के लिए प्रति वर्ष हजारों रुपए दिया जाता है लेकिन बच्चों से ही विद्यालय में रंग पेंट करवाना निंदनीय है। अब इधर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि भीषण गर्मी में बच्चों को शिक्षा के लिए विद्यालय बुलाया जा रहा है लेकिन विद्यालय के शिक्षकों ने मनमानी करते हुए बच्चों से ही रंग पेंट करवाया जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसा मामला है तो बीइओ से जांच करवाएंगे और उसके बाद कार्रवाई करेंगे।

# अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त



जप्त ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बूढ़ीखांड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप से शनिवार को शुबह चार बजे के लगभग पुलिस ने अवैा बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों ट्रैक्टर खरसोता गांव का बताया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान बालू लदे दो ट्रैक्टरों को परिवहन करते देखा और जब्त किया गया है।

उन्होंने ने कहा कि सीओ चुनाव से संबंधी कहीं गए हैं। सीओ साहब के आने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### ईलाज के दौरान चिकित्सक का निधन

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया निवासी सह वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ. सुरेश चंद्रा का निधन शुक्रवार की रात ईलाज के दौरान वाराणसी के एक निजी अस्पताल में हो गई। वे पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। स्व.चंद्रा की शव शनिवार को सिंदुरिया स्थित उनके आवास पर पहुंचते ही क्षेत्र के कई सामाजिक व राजनितिक नेताओं के साथ-साथ ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए संवेदना प्रकट किया। उनका अंतिम संस्कार दुलहर नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अविनाश कुमार शर्मा ने दी। शोक व्यक्त करने वालों में आजसू के जयराम पासवान, मुखिया नंदलाल पाठक, पूर्व मुखिया राजेश गुप्ता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, संतोष चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, अशोक पाठक, विजय जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, माणिक सिंह, कपिलदेव सिंह, आलोक गुप्ता सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# व्यवसायिक संघ ने कई स्थानों पर खोला पनशाला

खबर मन्त्र संवाददाता




उद्घाटन मौके पर उपस्थित लोग

**भवनाथपुर।** क्षेत्र के लोगों को इन दिनों गर्मी में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के तत्वावधान में ब्लॉक गेट के समीप छोटू पान दुकान के पास, परमानंद ब्रेड भंडार बाजार, वन विभाग चेकनाका के समीप, सूर्य मंदिर के पास एवं आयुष कम्प्यूटर्स कर्पूरी चौक के समीप पनशाला खोला गया। पनशाला का उद्घाटन व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नितीश कुमार ने राहगीरों तथा यात्रियों को गुड़ खिलाकर तथा पानी पिलाकर किया। मौके पर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि सरकारी उदासीनता के कारण भवनाथपुर बाजार क्षेत्र के कई जगहों पर चापाकल खराब पड़ा हुआ है, जिससे आए दिन लोगों को पीने के पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसको देखते हुए भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों द्वारा यह पनशाला खोला गया है।

मौके पर व्यवसायिक संघ के सचिव नवल किशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष अवध किशोर, नन्दू विश्वकर्मा, कमलेश मेहता, सुरेश राउत, रामाशंकर मेहता, कवलेश राउत, अजय साह, शशि कुमार गुप्ता, बिरेन्द्र सेठ, भरत ठाकुर, राधेश्याम गुप्ता, नंदू चंद्रवंशी, मुकेश प्रजापति, रामप्रवेश राम, सत्येन्द्र सेठ, मुन्ना दूबे, बिरेन्द्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, अरूण दूबे, मनोज गुप्ता, चंद्रमणी शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, समशेर अंसारी, पचु राम, सोनू सेठ सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### भ्रष्टाचारियों पर चलेगा...

चाहे वह नक्सलवाद हो या आतंकवाद, अब वे अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। **भारत अब लव लेटर नहीं लिखता, घुस कर मारता है :** मोदी ने अपनी सरकार और पिछली कांग्रेस सरकार के बीच अंतर को भी उजागर किया। उन्होंने कहा, जब भी भारत पर आतंकी हमला होता था, कांग्रेस सरकार पाकिस्तान को लव लेटर भेजती थी। लगातार आतंकी हमले लोगों को याद ही है। उन्होंने कहा कि वहीं आज नया भारत डोजियर नहीं देता है, आतंकी को पाकिस्तान में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक आपके एक एक वोट की ताकत ने मुझमें इतना दम भरा कि पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया। उन्होंने राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और भ्रष्टाचार को मिटाने के प्रति अपने समर्पण पर जोर दिया। आपके आशीर्वाद से मुझपर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। आज मेरे पास एक साईकिल भी नहीं है । उन्होंने कहा कि मेरी मां और बहनों की दुआएं ही मेरे लिए धन सम्पति है। मैं अभी भी सत्ता, प्रतिष्ठा और आराम से दूर हूं।

**सभी को पक्का मकान मिलेगा :** मोदी ने कहा कि पलामू में महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले और बाद में आज बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने इस क्षेत्र में पक्के घरों, बिजली की पहुंच और डिजिटल कनेक्टिविटी में वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि दस वर्षों में देश के 25 करोड़ गरीबों को पक्का आवास दिया गया है और सभी वंचितों को तीसरे सेवाकाल मे पक्का आवास उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने लोगों से आगामी चुनावों में अपना समर्थन देते हुए भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम उर्फ बीडीराम को भारी मतों से जिताने का आग्रह करते हुए हाथ उठाकर संकल्प कराया। पीएम मोदी ने कहा की 13 मई को बूथ जितना है इसके लिए छोटी छोटी टोली में भ्रमण करते हुए बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान करें। **रउवा सब के प्रणाम, गोड़ लागत ही :** पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोजपुरी और मगही अवतार निकलकर सामने आया है। उन्होंने माइक पकड़ने के साथ ही नीलांबर पीतांबर की धरती पलामू को प्रणाम किया। फिर भोजपुरी और मगही को मिक्स कर स्थानीय भाषा में कहा 'रउवन सबके प्रणाम, गोड़ लागत ही। मोदी के इतना कहते ही पूरी सभा तालियों से गूंज उठी। जय श्री राम के नारे लगने लगे।

**पूरे देश में मनेगी भगवान बिरसा मुंडा जयंती :** पीएम मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भारत के हर गांव में मनायी जायेगी। इस दिन को गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया किया जायेगा। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां आदिवासियों, पिछड़ों और दलितों का आरक्षण छीनकर दूसरे धर्म के लोगों को देना चाहती हैं।

### रांची सीट से पर्चा...

मुझे नामांकन करने से रोका गया। जनता सब जानती है, चुनाव में रांची की जनता जवाब जरूर देगी।

**देवेंद्र महतो को भेजा गया जेल :** गिरफ्तार देवेंद्र महतो का सदर अस्पताल रांची में मेडिकल जांच कराया गया इसके बाद उन्हें रांची सिविल कोर्ट के एमपीएमएलए कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट से उन्हें न्यायायिक हिरासत में सीधा जेल भेज दिया गया है। पेशी के दौरान पुलिस की ओर से कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम था। देवेंद्र महतो, जयराम महतो और मनोज यादव सहित कई नेता मिलकर लगातार झारखंड में आंदोलन कर रहे हैं। वर्ष 2021 और 2022 में कोविड प्रोटोकॉल तोड़ते हुए देवेंद्र महतो पर धरना-प्रदर्शन करने का आरोप है।

# कार्यपालक पदाधिकारी की कार्यशैली ठीक नहीं : संजय



संजय कमलापुरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** भाजयुमो जिला महामंत्री सह विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी ने ब्लॉक परिसर स्थित विधायक कक्ष में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने नगर पंचायत मझिआंव के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने जब से मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक के रूप में का पदभार संभाला है, तब से लेकर अभी तक इनके द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। इनके कार्यशैली से व्यापारी वर्गों के अलावे दो पहिया वाहन चालक एवं टेंपो चालक काफी परेशान है। इनके द्वारा नगर पंचायत मझिआंव से राजस्व की वसूली की जाती है और अपने खुद को चलने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करते हुए लोहरदगा के अपने निजी रिश्तेदार की पुरानी गाड़ी 20 हजार रुपए मंथली पर मंगाकर इनके द्वारा यूज किया जा रहा है। जबकि उस तरह की दर्जनों गाड़ियां मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र में मौजूद है।

# आंगनबाड़ी के नाम पर युवक साइबर ठगी का शिकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रमना।** डिजीटल लेन देन की ओर तीव्र गति से लोग अग्रसर हैं। वही चोर-जालसाज भी तीव्र गति से भोले-भाले लोगों को नए-नए तौर तरीके से लालच या सरकारी योजना का लाभ मिलने के झांसे देकर साइबर ठगी कर रहे हैं। गत दिन साइबर ठगी का शिकार सिलिदाग ग्राम निवासी 30 वर्षीय राजन कुमार गुप्ता पिता हिरा साह हुए, जिनसे सात हजार रूपये की ठगी साइबर ठगों के द्वारा कर लिया गया। इस बात का खुलासा तब हुआ ज़ब उक्त युवक के खाते से साइबर ठगों ने रकम उड़ा लिया। इस सम्बन में भुक्तभोगी ने बताया कि मेरे मोबाइल नंबर 7428535694 से कल आया और बोला कि मैं नगर उंटारी सदर हॉस्पिटल से बोल रहा हूं, आपकी पत्नी के नाम से आंगनबाड़ी का छह हजार रुपया आया हैं, जो आपकी पत्नी के खाते में जमा नहीं हो पा रहा हैं, तो आप अपना आधार नम्बर और मोबाइल नम्बर बताइये आपके खाते में पैसे जमा हो जायेगा। जब उक्त युवक ने पूछा कि हम कैसे मान ले तो साइबर ठग ने भुक्तभोगी के सभी परिवार का नाम और आधार नम्बर बता दिया। जिससे राजन ठग के चिकनी चुपड़ी बातो में आ गया और अपना आधार नम्बर और मोबाइल नम्बर बता दिया। इसके बाद युवक के खाते में पैसे आने के बजाय खाते से छह हजार रूपये कट गया। इसके बाद युवक इसकी शिकायत लेकर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा, जहां बताया गया कि सरकार द्वारा कोई भी इस प्रकार योजना अभी नहीं है, आप को ठग लिया गया। युवक की पत्नी इसकी शिकायत करने के लिए बोली लेकिन पुलिस के पास इसकी शिकायत अभी तक नहीं की गयी। इस सम्बंध में युवक से पूछने पर बोले कि अब तो पैसे मिलेंगे नहीं ऊपर से पुलिस का चक्कर लगाना पड़ेगा। शनिवार को दस बजे के करीब पुनः राजन के पास 9330947736 से फोन किया गया और फिर से आंगनबाड़ी से पैसे मिलने को कहा लेकिन युवक नें फ़ोन काट दिया। इस प्रकार का ही कल अन्य ग्रामीणों के पास भी आया, लेकिन लोगो नें आँगनवाड़ी केंद्र जाकर इसकी जानकारी ली और ठगी से बचे। इस सम्बंध में थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हुए हैं तो इस संबंध में शिकायत दर्ज करा सकते हैं और कोई भी इस प्रकार का कॉल आता है तो उसके झांसे में ना आये और तुरंत ही नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराये या उस कॉल को ब्लॉक कर दें।

# कांग्रेस सरकार आने पर अग्निवीर योजना बंद होगी : राहुल

**एजेसी**

▶▶ जाति जनगणना के बाद होगी नयी राजनीति, ज्यादा आबादी वाले मांगेंगे हक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर अग्निवीर योजना खत्म की जाएगी। उन्होंने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे लोगों को पता चलेगा कि हमारी आबादी कितनी है और फिर नई राजनीति शुरू होगी, जिसमें बड़ी आबादी वाले लोग अपने हक्क का पैसा मांगेंगे।

राहुल गांधी ने दिल्ली के जवाहर भवन में युवाओं को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हमने अपने मेनिफेस्टो में लिख दिया है कि हम अग्निवीर स्कीम को खत्म कर देंगे। 01 लाख 50 हजार युवाओं ने आर्मी में जाने का एक सपना देखा था, वो सपना अभी पूरा नहीं हुआ है। इसलिए उनकी सोच है कि जिन 01 लाख 50 हजार युवाओं ने सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी की थी, उन्हें मुआवजा मिलना ही चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना से पूरे देश को पता चल जाएगा, किसके पास कितना धन है। पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों और गरीब सामान्य जाति के हाथ में कितना धन है। उसके बाद नई राजनीति शुरू होगी। तब युवा ऐसे नहीं खड़े होंगे। तब यह कहेंगे मेरे 50 प्रतिशत लोग हैं। मेरा दो प्रतिशत धन है। मुझे 50 प्रतिशत धन चाहिए। यह हमारी सोच जाति जनगणना पहला कदम है। यह केवल जातिगत जनगणना नहीं



होगा यह आर्थिक सर्वे होगा। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी ने 22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। अगर उनका कर्ज माफ हो सकता है तो देश के किसान, मजदूर, युवा का कर्ज क्यों नहीं माफ हो रहा है। क्या देश में 90 प्रतिशत आबादी की कोई भागीदारी नहीं है? आज हिंदुस्तान की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। इसमें केवल 3 अफसर ओबीसी वर्ग के हैं।

## फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में जायेगी : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी को देश के किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित बताया और कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने



पीएम फसल बीमा योजना को प्राइवेट बीमा कंपनी मुनाफा योजना बना दिया और 2016 से अब तक 57,619.32 करोड़ रुपये मुनाफा चंद मुट्ठीभर बीमा कंपनियों को कमवाया। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उदाहरण के तौर पर, रबी 2022-23 के दौरान करीब 6 करोड़ पंजीकृत किसानों में से केवल 7.8 लाख किसानों के दावों का भुगतान किया गया। जो शर्मनाक है।

### जनता के अधिकारों को कमजोर कर रही है केंद्र सरकार : प्रियंका गांधी

**पालनपुर।** बनासकांठा जिले के लाखणी में कांग्रेस की न्याय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सरकार ने जनता के अधिकारों को कमजोर किया है। एक जमाने में प्रधानमंत्री देश की जनता के गांव-घरों में जाते थे तो लोग उनसे अपना हक मांगते थे। सड़क-पानी के लिए जनता कहती थी। यह पहले की राजनीति की नींव महात्मा गांधी ने डाली थी। उन्होंने मोदी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे देश की जनता से कट कर कुछ सीमित लोगों तक सिमट गए हैं।

### सेक्स स्कैंडल मामले में जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना अरेस्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस और पेन ड्राइव मामले में एसआईटी ने पूर्व मंत्री और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना को शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। यह घटना पीड़िता के बचाव के बाद हुई, जो 27 अप्रैल से लापता थी। रेवन्ना को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पद्मनाभनगर स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई उनके खिलाफ बेंगलुरु के केआर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज यौन उत्पीड़न और अपहरण के मामले से संबंधित है। दरअसल शनिवार शाम को एसआईटी की टीम रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए एचडी देवेगौड़ा के घर गई थी। लेकिन काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खोला गया। इसके बाद में पुलिस ने रेवन्ना को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के लिए ले गई।

## स्पीड न्यूज

### यूनिसेफ का नेशनल एंबेसडर बनीं करीना



**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री करीना कपूर को यूनिसेफ का नेशनल एंबेसडर बनाया गया है। शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में यूनिसेफ इंडिया के कार्यक्रम में करीना को राष्ट्रीय एम्बेसडर बनाया गया।

करीना कपूर ने कहा कि वे इस सम्मान को पाकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को पाकर वो बहुत सम्मानित महसूस कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने दस साल इंतजार किया है और सभी के साथ बहुत मेहनत की है। यह अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे मैं दिल से स्वीकार कर रही हूं। करीना ने कहा कि हमने बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने और सभी बच्चों के लिए समान भविष्य के लिए आवाज बनने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और दोहरा रहे हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 12 किलो सोना जब्त

**मुंबई।** कस्टम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 8.17 करोड़ रुपये कीमत का 12.74 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। इसके साथ ही 20 मामलों में 10 लाख करोड़ रुपये मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त किया गया और पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। कस्टम सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों ने प्रतिबंधित सोना विभिन्न रूपों में छिपाया गया था, जैसे मोम और सोने की परत वाले कपड़ों में सोने की धूल, कच्चे आभूषण और सोने की छड़ें, पानी की बोतल में और मुंबई में उतरने वाले यात्री के शरीर पर।

### यूट्यूबर एल्विश पर मनी लॉड्रिंग का केस

**गौतमबुद्ध नगर।** चर्चित यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इडी ने एल्विश यादव के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला विभिन्न रेव पार्टियों में सापों का जहर सप्लाई करने से जुड़ा है। इस मामले में एल्विश को 22 मार्च को गौतमबुद्ध नगर जिले की सूरजपुर की अदालत से जमानत मिली थी। इससे पहले नोएडा पुलिस ने इस केस में कोर्ट में 1200 पृष्ठ की चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में एल्विश से जुड़े अन्य लोग भी जांच के दायरे में आएंगे।

### रामलला दर्शन करने जा रहे दो श्रद्धालुओं की मौत

कन्नौज। श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं की कार शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में महाराष्ट्र और कर्नाटक के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 10 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते हीपुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को कन्नौज के डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जानकारी मृतकों के परिवार को दे दी गई है।

### चीन में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी

गुआंगजौ। चीन के दक्षिण गुआंग्डोंग प्रांत के झुहाई जिले के तीन इलाकों में तूफान के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि डौमेन जिले में सुबह आठ बजे तक एक घंटे में करीब 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुयी। यहां के दो अन्य स्थान जियांगझू जिला और झुहाई नेशनल हाई-टेक औद्योगिक विकास क्षेत्र ने भी तूफान के लिये रेड अलर्ट जारी किया।

# कांग्रेस को लगा डबल झटका

## दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लवली भाजपा में शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनावी समझौते के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ने वाले विधायक अरविन्दर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गये। लवली के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अमित मल्लिक, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेता नीरज बसोया और नसीब सिंह ने भी भाजपा के केंद्रीय कार्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।




भाजपा के प्रवक्ता अनिल बलूनी ने कांग्रेस से भाजपा में आये दिल्ली के नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े उपस्थित थे। तावड़े और पुरी ने लवली एवं उनके साथी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुये उन्हें भाजपा के चुनाव चिह्न वाले अंग वस्त्रम और पुष्प गुच्छ भेंट किया। दिल्ली में लोक सभा की साथ सीटों पर 25 मई को मतदान है। पुरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से भारतीय जनता पार्टी परिवार का सदस्य बने नेताओं की सेवाओं का पार्टी न केवल उपयोग बल्कि अच्छी तरह उपयोग करेगी। लवली और अन्य नेता आप के साथ दिल्ली में लोक सभा सीटों पर कांग्रेस के चुनावी समझौते से असंतुष्ट थे। इस समझौते में दिल्ली की तीन सीटों पर कांग्रेस और चार पर आप के प्रत्याशी होंगे।

## ओड़िशा में मोहंती ने लौटाया टिकट

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को महासचिव के.सी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि पुरी में उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने स्पष्ट रूप से उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है। सुचरिता ने कहा कि मैं एक वेतनभोगी पेशेवर पत्रकार थी और 10 वर्ष पहले चुनावी राजनीति में प्रवेश किया था। मैंने पुरी में प्रचार अभियान में अपना सबकुछ झोंक दिया। मैंने प्रगतिशील राजनीति के लिए अपने प्रचार अभियान के समर्थन में चंदा अभियान चलाने की



भी कोशिश की लेकिन अब तक कोई खास सफलता नहीं मिली है। मैंने अनुमानित अभियान खर्च को कम से कम रखने की भी पूरी कोशिश की। सुचरिता अपने दम पर धन जुटाने में सक्षम नहीं थीं, इसलिए उन्होंने पुरी लोकसभा क्षेत्र में प्रभावशाली अभियान चलाने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व सहित सभी वरिष्ठ नेताओं से वित्तीय मदद के लिए संपर्क किया था। पुरी से भाजपा ने राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और बीजद ने मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त अरुप पटनायक को चुनाव मैदान में उतारा है।

## एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी कांग्रेस : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री बोले- कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को पांच फीसदी आरक्षण दिया ओबीसी समाज का हक छीना

**छोटाउदेपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को छोटाउदेपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। शाह ने आदिवासी विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों के अंदर करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया है। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि आदिवासियों की जितनी आबादी है, उन्हें बजट में उसी के अनुपात में हिस्सेदारी देना चाहिए। भारत का संविधान लागू होने के बाद सबसे पहले नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बजट का 14 फीसदी आदिवासी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इनके जमाने में आदिवासी मंत्रालय भी नहीं था। अटल बिहारी की सरकार



ने पहली बार 1999 में अलग आदिवासी विभाग का मंत्रालय बनाया। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति पर प्रहार करते हुए शाह ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्होंने 5 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इसका अर्थ हुआ कि ओबीसी समाज का 5 फीसदी आरक्षण छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है कि आरक्षण तो कांग्रेस छीन रही है और नाम भाजपा का दे रही है। शाह ने कहा कि रायबरेली से राहुल प्रचंड बहुमत से हारेंगे, चाहे वे जहां भाग लें, जनता उन्हें खोज रही है।

## जिन्हें जेहाद से प्यार, वे पाक चले जायें : योगी

**एजेंसी**



यूपी के सीएम बोले-भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात कर लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भिखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं। मुख्यमंत्री फर्रुखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। योगी के आह्वान पर फर्रुखाबाद वालों ने फिर से कमल खिलाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कहीं विस्फोट और आतंकियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमा पार से है, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमा पार से उनका आका सफाई देने को मजबूर होता है। हर किसी को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है।

## प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा लिया, लेकिन साथ न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज की निर्यात नीति को संशोधित कर तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन के एमईपी के तहत प्रतिबंध से मुक्त किया गया है। सरकार ने शुक्रवार रात प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। पिछले साल अगस्त में भारत ने 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था। सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। मार्च में निर्यात प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया था।

## लोस चुनाव देखने भारत पहुंचे 23 देशों के प्रतिनिधि

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के प्रतिनिधि भारत पहुंचे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है। आयोग ने विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को आमंत्रित किया था। आयोग ने शनिवार को कहा कि वह चुनाव के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को इन विदेशी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद, ये प्रतिनिधि छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर निकलेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यह कार्यक्रम 9 मई को समाप्त होगा। 23 देशों भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## भदोही में बसपा बार-बार बदलती है हाथी का महावत

**एजेंसी**

तीसरी बार बदला प्रत्याशी

▶▶ मायावती ने हरिशंकर चौहान उर्फ दादा को दिया टिकट

**भदोही।** यूपी के भदोही लोकसभा सीट राजनैतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। परिणाम को अपने पक्ष में लाने के लिए सभी दल एड़ी-चोटी का जोर लगाते दिखते हैं। लेकिन बहुजन समाज पार्टी इस होड़ में सबसे आगे निकल गईं है। पूरे देश में संभवतः बसपा ही एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जिसने तीसरी बार भदोही लोकसभा सीट पर अपना उमीदवार बदला है। भदोही के चुनावी महासंग्राम में उतरी हाथी अभी तक स्थिर नहीं हो पाई। वह कभी आगे तो कभी पीछे कदम कर रही है। लेकिन अब उम्मीदवार नहीं बदले जाएंगे क्योंकि अब नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ललितेश पति त्रिपाठी और दूसरे उमीदवारों ने अपना नामांकन शनिवार को भर दिया है। भदोही में लड़ाई त्रिकोणीय है। यहाँ भजपा -निषाद पार्टी, इंडया गठबंधन और बसपा में सीधा मुकाबला है। अब इस युद्ध में कौन विजयी होता है यह देखना होगा।

भदोही बसपा के लिए इतनी महत्पूर्ण सीट क्यों हो गईं कि उसे एक -दो नहीं तीन -तीन बार उम्मीदवार बदलना पड़ा। बसपा बार -बार उम्मीदवारों को बदल कर क्या संदेश देना चाहती है। क्या जिन्हें टिकट दिया गया वे लड़ने के लिए तैयार नहीं थे या पार्टी कार्यकर्ता उस पर सहमत नहीं थे। फिलहाल यह पार्टी का अपना आंतरिक मामला है। भदोही से 2009 के बाद बसपा कभी चुनाव



नहीं जीत पायी। लेकिन स्वतंत्र लोकसभा सीट के पहले सांसद पंडित गोरखनाथ पांडेय बसपा से ही चुनाव जीता था। बहुजन समाज पार्टी ने तीसरी बार पार्टी के मंडल क़्वार्डिनेटर हरिशंकर चौहान उर्फ दादा को चुनावी मैदान में उतारा है। भदोही के सुरियावां के रहने वाले दादा बाहरी उम्मीदवार नहीं हैं। यह बसपा से साल 2022 में भदोही से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था और तीसरी पायदान पर थे। यहाँ से सपा के जाहिद बेग भाजपा के रविन्द्रनाथ को पराजित किया था। रविंद्रनाथ को भी 95 हजार से अधिक वोट मिले थे। दादा की चौहान बिरादरी में अच्छी खासी पकड़ बताई जाती है। जबकि दलित बसपा के परम्परागत वोटर हैं। चुनावी मैदान में दादा के आने से जहाँ भजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है वहीं इंडिया गठबंधन को फायदा मिल सकता है। अहम सवाल उठता है की पार्टी मुस्लिम समुदाय से आने वाले दो उम्मीदवारों का टिकट काट कर दादा को क्यों उमीदवार बनाया। सबसे पहले बसपा ने भदोही पालिकाध्यक्ष नरगिस अतहर के पति अतहर अंसारी को चुनाव मैदान में उतारा था। फिर उनका टिकट काटकर इरफान अहमद को टिकट दिया। तीसरी बार हरिशंकर चौहान उर्फ दादा को टिकट दिया गया है। मुस्लिम उमीदवारों की वजह से बसपा अलसंख्यक समुदाय के वोट में सेंधमारी कर इंडिया गठबंधन को कमजोर कर सकती थीं लेकिन अचानक उसे फैसला बदलना पड़ा।

### चारधाम यात्रा के लिए आठ मई से ऑफलाइन भी होगा रजिस्ट्रेशन

**देहरादून।** पर्यटन विभाग उत्तराखंड ने चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण सुविधा प्रारम्भ करने का निर्णय किया है। श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा आठ मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में शुरू हो जाएगी। श्रद्धालु हरिद्वार में राही मोटल और ऋषिकेश में यात्रा पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैम्प पर पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रत्येक धाम के लिए प्रतिदिन ऑफलाइन पंजीकरण की सीमा ऋषिकेश में 1,000 और हरिद्वार में 500 निर्धारित की गई है। श्रद्धालु चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण काउन्टरों पर अग्रेत्तर अधिकतम तीन दिवसों के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। पर्यटन विभाग ने तीर्थ यात्रा को सुगम बनाए जाने के लिए उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पुरोहितों के साथ बैठक की है। विभाग के साथ

hlccs
Dr. Anup's
HLCCS
स्किन हेयर एण्ड लेजर सेन्टर
For the right treatment for your skin & Cosmetic Problem
Call - +91 9334334935, 9431529553
हरमू बाई पास रोड, पुरुष विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, राँची 834002
E-mail : hlccs@rediffmail.com, Web : www.hlccsskincareclinic.com



VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!